**गुस्ताखी माफ**

आगे छात्रों के अरे, झुकने में ही खैर।
अच्छा हो यदि लपक कर, आप पकड़ लें पैर।
आप पकड़ लें पैर, बचे कटने से पत्ता।
यूथ अगर नाराज, अजी छिन सकती सत्ता।
कह साहिल कविराय, देर से थोड़ी जागे।
यूं ही रहिए झुके, छात्र-शक्ति के आगे।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 221 | WEDNESDAY 19-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# पंजाब भर में टैक्स विभागों का शिकंजा! मिठाई, बेकरी फोर्जिंग से लेकर हवाला कारोबारी पर केंद्रीय एजेंसियों की रेड

लुधियाना/यूटर्न/18 अगस्त। मंगलवार को पंजाब के अलग अलग शहरों में केंद्रीय जांच एजेंसियों समेत कई एजेंसियों द्वारा रेड की गई। इस दौरान स्वीट शॉप मालिकों, असेसरी शॉप और कारोबारियों पर रेड हुई। इनकम टैक्स विभाग की और से पंजाब के अलग अलग जिलों में मौजूद दो नामी स्वीट शॉप पर रेड की। इस दौरान शॉप का रिकॉर्ड खंगाला गया, वहीं दस्तावेज चैक किए गए। चर्चा है कि विभाग को आशंका है कि इन स्वीट शॉप मालिकों द्वारा बड़े लेवल पर टैक्स चोरी किया जा रहा है। दूसरी तरफ दिल्ली हाईकोर्ट के आदेशों पर आई टीम ने लुधियाना की गुडमंडी में ब्रांडेड मार्का लगाकर डुप्लीकेट असेसरी बेच रहे दुकानदारों पर रेड की। वहीं डीजीजीआई (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस) की और से लुधियाना के कारोबारी केके गर्ग की केएनएनएल फोर्जिंग यूनिट पर दबिश दी। हालांकि इन सभी कार्रवाई को लेकर संबंधित विभागों द्वारा आधिकारिक तौर पर बयान नहीं दिया गया है। लेकिन चर्चा है कि इन सभी लोगों द्वारा बड़े लेवल पर टैक्स चोरी किया जा रहा था।




कोटकपूरा के रॉयल ढोढा हाउस में आईटी की रेड




फाजिल्का में पाकपट्टनियां दी हट्टी पर इनकम टैक्स की रेड

## फर्नेस एसोसिएशन के प्रधान की फर्म पर रेड




लुधियाना के फर्नेस एसोसिएशन के प्रधान केके गर्ग की फर्म के.एन.एन.एल. पर डीजीजीआई (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस) की टीम ने रेड की। मंगलवार सुबह हुई इस दबिश की कार्रवाई शाम तक जारी रही। चर्चा है कि केके गर्ग पर जीएसटी चोरी करने की आशंका है। इसी आशंका के चलते टीम ने दबिश दी। इस दौरान फर्म मालिक से पूछताछ भी हुई। वहीं भारी मात्रा में रिकॉर्ड को भी टीम द्वारा कब्जे में लिया गया है। हालांकि इस संबंधी अभी तक डीजीजीआई की और से आधिकारिक तौर पर बयान जारी नहीं किया है।

## हवाला कारोबार करने वाली महिला भी रडार पर



वहीं केंद्रीय जांच एजेंसी की और से हवाला कारोबार पर भी नुकेल डालनी शुरू कर दी गई है। जिसके चलते लुधियाना में दबिश दी गई। चर्चा है कि लुधियाना में हवाला ट्रेड से जुड़ी एक महिला पर रेड की गई है। चर्चा है कि महिला का नाम कन्नूप्रीत है। लेकिन अभी तक इस संबंधी कोई ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है। लेकिन चर्चा है कि इस महिला के जरिए बड़े हवाला नेटवर्क को चलाया जा रहा था। वहीं चर्चा है कि ट्रेडिंग के कारोबार की आड में लोगों के साथ ठगी करने वाले फिरोजगांधी मार्केट के अनील जैन भी केंद्रीय जांच एजेंसियों की रडार पर हैं। क्योंकि अनील जैन, उसके भाई और उसकी टीम द्वारा करोड़ों रुपए की ठगी मारी गई है।

## तोशे के लिए मशहूर पाकपटि्नयां दी हट्टी पर रेड

जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स विभाग की और से मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे फाजिल्का के सराफा बाजार रोड पर गुरु नानक कॉलोनी में मौजूद पाकपट्नियां दी हट्टी स्वीट शॉप पर रेड की। यह शॉप पूरे देश में तोशे बनाने के लिए मशहूर है। कई कारों में सवार करीब 10-12 अधिकारी शॉप में आए। जिन्होंने शॉप में मौजूद मालिक और वर्करों को अंदर ही रोक लिया। सभी के मोबाइल ले लिए गए। किसी को भी अंदर-बाहर की इजाजत नहीं थी। कई घंटों चली इस जांच के दौरान टीम ने शॉप का नया और पुराना रिकॉर्ड खंगाला। वहीं फर्म की इनकम टैक्स रिटर्न व सेल को भी मेच किया गया।

## ढोढा स्वीट्स पर भी आईटी की रेड

मंगलवार सुबह इनकम टैक्स विभाग द्वारा फरीदकोट के कोटकपूरा शहर में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध ढोढा मिठाई के रॉयल ढोढा हाउस संस्थानों पर छापेमारी की गई। यह कार्रवाई विभाग की डायरेक्टर इन्वेस्टिगेशन जालंधर अमनप्रीत कौर वालिया के नेतृत्व वाली टीम द्वारा की गई। मंगलवार सुबह 11 बजे यह कार्रवाई शुरू हुई। इस दौरान ढोढा चौक स्थित मुख्य दुकान के अलावा ढोढा बेकरी और नए बस स्टैंड स्थित ढोढा हाउस में एक साथ रेड हुई। इसके साथ ही ग्रुप के मालिकों के आवास पर भी टीम पहुंची। इन सभी संस्थानों पर टैक्स चोरी की आशंका है।

# गुडमंडी में ब्रांडेड बता बेची जा रही थी डुप्लीकेट असेसरी, हाईकोर्ट से आई टीम ने की रेड

लुधियाना/यूटर्न/18 अगस्त। गुडमंडी में कॉपी राइट एक्ट के तहत कोर्ट की तरफ से आई टीम द्वारा पुलिस के साथ मिलकर रेड की। यह रेड गुडमंडी मार्केट में एक साथ असेंसरी की कई दुकानों पर की गई। जहां से ब्रांडेड कंपनियों के लोगो लगाकर बेचा जा रहा सामान भारी मात्रा में बरामद किया गया है। हालांकि इस रेड संबंधी कार्रवाई करने वाले अधिकारियों द्वारा ज्यादा जानकारी देने से इंकार किया गया।

चर्चा है कि टीम को मौके पर पर्स, बेल्ट, चश्में समेत अन्य असेसरी की डुप्लीकेट कॉपियां बरामद हुई हैं। इस रेड के बाद अन्य बाजारों में ब्रांडेड बताकर डुप्लीकेट माल बेचने वाले दुकानदार अपनी दुकानें बंद करके फरार हो गए। शाम तक यह रेड जारी रही। अधिकारी के मुताबिक दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा इन दुकानों पर रेड करने के ऑर्डर दिए गए थे। जानकारी के अनुसार गुडमंडी में भारी मात्रा में ब्रांडेड कंपनियों का मार्का लगाकर डुप्लीकेट सामान बेचा जाता है। जिसके चलते कोर्ट के आदेशों पर मंगलवार को एक टीम द्वारा सुबह करीब साढ़े 10 बजे रेड की गई। कोर्ट की तरफ से आई टीम के साथ थाना कोतवाली की पुलिस भी मौजूद थी। उनकी तरफ से गुडमंडी में कई दुकानों पर एक के बाद एक कई रेड की। इस दौरान सिंगला इंटरनेट शॉप से भी सामान बरामद हुआ। इस दौरान कोर्ट की तरफ से अधिकारी अनील ने बताया कि यह रेड काफी कॉन्फिडेंशियल है। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेशों पर रेड की गई है। उन्होंने बताया कि रेड में काफी सामान बरामद हुआ है। जिसमें जल्द लीगल एक्शन लिया जाएगा।




## शहर के कॉपी राइट एजेंट लापता

शहर में अकेले असेसरी नहीं, बल्कि शू और कपड़ों पर भी जमकर कालाबाजारी हो रही है। लेकिन शहर में मौजूद अलग अलग कंपनियों के लीगल कॉपी राइट एजेंट लापता है। चर्चा है कि सेटिंग होने के चलते वे एक्शन नहीं लेते। इसी के चलते किसी समय बाइक पर घूमने वाले यह एजेंट आज करोड़ों के मालिक है।

# पहियों पर सपने, दुनिया भर में पहचान: ओंकार सिंह पाहवा

लुधियाना/यूटर्न/18 अगस्त। हर बड़ी पहचान के पीछे एक छोटा-सा सपना और एक साधारण-सा आइडिया छिपा होता है। कुछ ऐसा ही सफर एवोन साइकिल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ओंकार सिंह पाहवा का रहा है। परिवार से मिले कारोबार को उन्होंने नई सोच, मेहनत और बदलते बाजार की जरूरतों के साथ आगे बढ़ाया। अफ्रीका से शुरू हुई एक्सपोर्ट की कोशिश आज करीब 60 देशों तक पहुंच चुकी है। उद्योग में योगदान और समाजसेवा के लिए उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया। एक खास बातचीत में ओंकार सिंह पाहवा ने अपने सफर, संघर्ष, कारोबार और अगली पीढ़ी को लेकर खुलकर बात की।

### आपका साइकिल कारोबार से जुड़ने का सफर कैसे शुरू हुआ?

मेरे पिता और चाचा ने 1951 में मिलकर कंपनी शुरू की थी और 1952 में साइकिल का उत्पादन शुरू हुआ। जब मैंने कारोबार संभाला, तब यह बिजनेस पहले से ही परिवार में चल रहा था। मैं इसके साथ-साथ बड़ा हुआ और धीरे-धीरे कारोबार का हिस्सा बन गया। 1973 में रोजाना करीब 1,000 से 1,200 साइकिल का उत्पादन होता था और एक्सपोर्ट बहुत कम था। अक्टूबर 1974 में मुझे पहली बार अफ्रीका के बाजार में एक्सपोर्ट करने का मौका मिला। यहीं से हमारी एक्सपोर्ट जर्नी शुरू हुई। इसके बाद यूरोप और दूसरे देशों में भी बाजार बनाए। आज हम करीब 60 देशों में साइकिल एक्सपोर्ट करते हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए अलग-अलग मॉडल तैयार किए जाते हैं और हमारे उत्पाद अफ्रीका, मिडिल ईस्ट, यूरोप और अमेरिका तक पहुंचते हैं।





### क्या आपको कभी लगा कि कारोबार में अपना कुछ अलग करना है?

जब मैंने एक्सपोर्ट डिपार्टमेंट संभाला तो मेरा पूरा फोकस विदेशी बाजारों को समझने पर था। मैं अलग-अलग देशों में जाता, वहां के मॉडल देखता और समझता कि ग्राहक क्या चाहते हैं। फिर उसी के मुताबिक भारत में उत्पादन को तैयार करने की कोशिश करता। मेरे चाचा और पिता के साथ काम करते हुए और भगवान की कृपा से हमने कई ऐसे बाजार बनाए, जहां पहले हमारे उत्पाद नहीं बिकते थे। लेकिन उस समय कारोबार करना आज जितना आसान नहीं था। लुधियाना में फोन भी मैनुअल सिस्टम से चलते थे। किसी नंबर पर बात करने के लिए एक्सचेंज ऑपरेटर से कनेक्शन लेना पड़ता था। दिल्ली या मुंबई में बात करने के लिए कॉल बुक करनी पड़ती थी और कई बार सुबह बुक की गई कॉल शाम को कनेक्ट होती थी। न कूरियर था, न ई-मेल और न ही आज जैसी तेज कम्युनिकेशन सुविधा। जरूरी दस्तावेज पहुंचाने के लिए लोगों को दिल्ली या मुंबई तक भेजना पड़ता था। अकाउंट्स का पूरा काम मैनुअल होता था और कैलकुलेटर भी नहीं थे। मुझे आज भी याद है, जब भारत में बना पहला कैलकुलेटर आया था। उसकी कीमत करीब 77-78 रुपये थी। मैंने एक कैलकुलेटर खरीदा और उसे अपने पास रखा। बाद में विदेश जाते समय मैंने मुंबई एयरपोर्ट पर अपनी घड़ी, ईयरिंग, सोने का कड़ा और कैलकुलेटर तक घोषित किया था। कस्टम अधिकारी ने कहा कि घड़ी, कड़ा और बाकी सामान तो ठीक है, लेकिन कैलकुलेटर भारत में बना है, इसलिए इसे ले जा सकते हैं। उस समय कैलकुलेटर रखना भी बड़ी बात हुआ करता था। इसके बाद कंप्यूटर और फैक्स मशीन का दौर आया। मुझे याद है कि जब पहली फैक्स मशीन मुंबई लाई गई तो उसकी कीमत करीब 1.25 लाख रुपये थी। हमने मशीन खरीदी और बहुत उत्साहित थे कि एक जगह कागज डालेंगे और वह दूसरी जगह पहुंच जाएगा। लेकिन कस्टम अधिकारियों ने ड्यूटी को लेकर सवाल खड़े कर दिए और 50 हजार रुपये अतिरिक्त भुगतान करने की बात कही। वह ऐसा दौर था जिसे हमने अपनी आंखों से बदलते हुए देखा है।



### आपको पद्मश्री मिलने की खबर जब मिली तो वह पल कैसा था?

मुझे 25 तारीख की शाम को पता चला कि मेरा नाम पद्मश्री की सूची में है। यह मेरे लिए बेहद सुखद और यादगार सरप्राइज था। इसके बाद राष्ट्रपति भवन में समारोह हुआ। मंत्रालय की तरफ से पहले ही जानकारी मांगी गई कि हमारे साथ कौन-कौन आएगा, ताकि रहने की व्यवस्था की जा सके। हमें रिहर्सल के लिए एक दिन पहले पहुंचना था।

मुख्य समारोह शाम को हुआ और करीब 70 लोगों को पद्मश्री सम्मान दिया गया। पूरा कार्यक्रम करीब एक घंटे में बहुत व्यवस्थित तरीके से पूरा हुआ। राष्ट्रपति से व्यक्तिगत रूप से सम्मान प्राप्त करना मेरे लिए जिंदगी के सबसे खास पलों में से एक रहा।

### पद्मश्री मिलने के बाद जब पीछे मुड़कर देखते हैं तो इस सम्मान का श्रेय किसे देते हैं?

यह सब मेरे पिता, चाचा और मां के आशीर्वाद से हुआ। उन्होंने यह काम शुरू किया था। मैंने सिर्फ उसे संभाला, आगे बढ़ाया और लोगों की मदद के लिए कुछ काम करने की कोशिश की। जो भी किया, उसकी नींव उन्होंने रखी थी। आज भी उन्हीं का आशीर्वाद हमें आगे बढ़ा रहा है।

### जब लोग आपको ब्रांड के नाम से पहचानते हैं तो परिवार से मिली विरासत को आगे बढ़ाने का एहसास कैसा होता है?

यह गर्व की बात है। जब मैंने 1973 में कारोबार शुरू किया था, तब साइकिल के बहुत कम मॉडल हुआ करते थे। ज्यादातर साइकिलें एक जैसे डिजाइन और रंगों में होती थीं। हमने महसूस किया कि विदेशों में ग्राहक अलग-अलग रंग, मॉडल और डिजाइन पसंद करते हैं। 1984 के बाद हमने अलग-अलग रंगों और डिजाइनों में साइकिल बनाना शुरू किया।

शुरूआत में बच्चों की साइकिल बनाने के बारे में भी हमने नहीं सोचा था, लेकिन धीरे-धीरे बाजार की मांग बदली। आज हम दो साल की उम्र के बच्चों के लिए भी साइकिल बनाते हैं। इसी तरह महिलाओं के लिए पहले सिर्फ एक तरह का ह्वाराउंड बारह्व मॉडल हुआ करता था। हमने छोटी उम्र की लड़कियों और महिलाओं की जरूरत के हिसाब से नए मॉडल तैयार किए। मेरा मानना है कि बाजार की जरूरत को समझना और उसके हिसाब से खुद को बदलना बहुत जरूरी है।

### अब आपके बेटे भी कारोबार से जुड़ रहे हैं। परिवार की यह विरासत आगे बढ़ते देख कैसा लगता है?

मैंने अपने पिता से जो कारोबार लिया था, उसे अब अपने बच्चों को सौंप रहा हूं। रितेश काम को आगे बढ़ा रहे हैं और बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। कारोबार अच्छी तरह बढ़ रहा है। दोनों बेटे बहुत मेहनत कर रहे हैं। मेरे और मेरे बेटों के बीच एक समानता यह भी है कि हमने बी.कॉम. किया और उसके बाद सीधे कारोबार में आ गए। मैंने भी ग्रेजुएशन के बाद आगे की पढ़ाई नहीं की और बिजनेस ज्वाइन कर लिया। लेकिन अब समय बदल चुका है। मुझे लगता है कि अगली पीढ़ी, यानी मेरे पोते, ग्रेजुएशन के बाद विदेश जाकर हायर एजुकेशन हासिल करेंगे। यूरोप और अमेरिका में पढ़ाई के नए अवसर हैं। समय के साथ बदलाव जरूरी है।

### आपके सफर का सबसे बड़ा संघर्ष क्या रहा? अगर उस समय कोई ऐसी सुविधा उपलब्ध होती जो आज है, तो क्या आप और आगे बढ़ सकते थे?

कारोबार में चुनौतियां हमेशा रहती हैं, लेकिन बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी चीज है ईमानदारी। इसके साथ धैर्य भी जरूरी है। कोई भी काम रातोंरात नहीं होता और सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। अगर आप ईमानदारी और मेहनत से काम करते हैं तो सफलता मिलने में समय जरूर लग सकता है, लेकिन सफलता जरूर मिलती है। मैं हमेशा लोगों से यही कहता हूं कि आगे बढ़ते रहिए, धैर्य रखिए और ईमानदारी से काम कीजिए। भगवान आपको उसका फल जरूर देगा। भगवान का न्याय देर से हो सकता है, लेकिन कभी इनकार नहीं होता।



पेज 06 जन हितैषी न्यूज और यूटर्न अखबार के सहयोग से ...

# मंदिर के ताले तोड़कर सोने की परत चढ़ी भगवान की मूर्तियां चुराई

लुधियाना/यूटर्न/18 अगस्त। फिल्डगंज के कूचा नंबर 10 में प्राचीन सनातन धर्म सभा श्री कृष्ण मंदिर में चोरों द्वारा वारदात की गई। चोर मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे। जिसके बाद भगवान श्रीकृष्ण, राधा रानी, चतुर्भुज भगवान विष्णु और पीतल के लड्डू गोपाल जी के 4 विग्रह समेत कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। इन विग्रहों पर सोने की परत चढ़ी हुई थी। थाना डिवीजन नंबर दो की पुलिस को मामले की शिकायत दी गई है।



मामले की जानकारी देते हुए प्रबंधक कमेटी के सदस्य

मंदिर कमेटी के प्रधान चंद्र मोहन डांग ने बताया कि चोरों द्वारा मंदिर के मेन गेट का ताला तोड़कर वारदात की गई। सोमवार को जब माता चिंतपूर्णी के दर्शनों के लिए जा रहे कुछ श्रद्धालुओं ने मंदिर का मुख्य गेट खुला देखा। शक होने पर उन्होंने मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित विनीत पाठक को फोन कर सूचना दी। पुजारी मौके पर पहुंचे तो दोनों दरवाजों के ताले गायब मिले। मंदिर के अंदर पेटियां और अलमारियां खुली पड़ी थीं और सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर गर्भगृह से भगवान के चारों विग्रह गायब मिले। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कुछ शकी युवक आते जाते हुए दिख रहे हैं।

# 32 लाख रुपए लेकर भी नहीं करवाई रजिस्ट्री, मां-बेटे समेत 5 लोगों पर मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/18 अगस्त। गांव अयाली कलां में एक प्लॉट का सौदा करके बयाने के तौर पर 32 लाख रुपए ले लिए गए। लेकिन बाद में मां- बेटे समेत 5 लोगों द्वारा रजिस्ट्री करवाने से इंकार कर दिया गया। जिसके चलते पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मात्र 40 दिन की जांच के बाद कार्रवाई कर दी।

थाना सराभा नगर की पुलिस ने गांव अयाली कलां के प्रेम सिंह की शिकायत पर बस्ती जोधेवाल की शरनजीत कौर, उसके बेटे कमलप्रीत सिंह, अयाली कलां के हरप्रीत सिंह,




हैबोवाल कलां के गुरप्रीत सिंह और बीरपाल सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने उक्त आरोपियों के साथ गांव अयाली कलां में एक 250 गज के प्लॉट का सौदा किया था।

जिसकी एवज में उसने पहले 12 लाख और फिर 20 लाख रुपए बतौर बयाने के तौर पर दिए थे। लेकिन बाद में उन्होंने रजिस्ट्री कराने को टाल मटोल करनी शुरू कर दी। शक होने पर शिकायतकर्ता ने पेमेंट वापिस मांगी तो आरोपियों ने न तो पेमेंट दी और न ही रजिस्ट्री करवाई।

# पीएयू के वीसी डॉ. सतबीर सिंह गोसल का कार्यकाल बढ़ाने की मांग

लुधियाना/यूटर्न/18 अगस्त। ~ पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) के वाइस चांसलर डॉ. सतबीर सिंह गोसल के कार्यकाल में बढ़ोतरी की मांग कृषि विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थियों और बेरोजगार कृषि डिग्रीधारक युवाओं ने पंजाब सरकार से की है। विद्यार्थियों का कहना है कि डॉ. गोसल के कार्यकाल में विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे, शोध कार्यों और कैंपस विकास को नई दिशा मिली है।



विद्यार्थी नेता अंग्रेज मान ने कहा कि डॉ. गोसल ने कृषि डिग्रीधारक युवाओं के रोजगार से जुड़े मुद्दों को भी सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया। स्कूलों में कृषि विषय लागू करने, कृषि अध्यापकों, कृषि विकास अधिकारियों और कृषि सब-इंस्पेक्टरों के रिक्त पद भरने को लेकर उन्होंने संबंधित मंत्रियों और अधिकारियों के स्तर पर लगातार पैरवी की। विद्यार्थी नेताओं का कहना है कि पंजाब के कृषि संकट, शोध कार्यों की निरंतरता और बेरोजगार कृषि डिग्रीधारकों के लंबित रोजगार संबंधी मामलों को आगे बढ़ाने के लिए डॉ. गोसल का अनुभव महत्वपूर्ण है। सुनील कंबोज, आकाशदीप, लवप्रीत कंबोज, सौरव, अनुवेस सहित अन्य विद्यार्थियों ने पंजाब सरकार से मांग की कि कृषि और विद्यार्थी हितों को ध्यान में रखते हुए डॉ. गोसल के कार्यकाल को बढ़ाया जाए, ताकि लंबित रोजगार संबंधी मुद्दों का जल्द समाधान हो सके।

# गंदगी में भी बनती है सोया चाप चटकारे लेकर मत खाईय, 100 किलो सोया चाप बरामद, सैंपल जांच के लिए भेजे





जांच करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आशीष चावला

अशोक सहगल

लुधियाना , यूटर्न 18 अगस्तः फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए एक सोया चाप निर्माण इकाई पर छापेमारी कर 100 किलोग्राम सोया चाप बरामद की है। स्वास्थ्य अधिकारी मंदसौर यह सोया चाप अनहाइजीन वातावरण में तैयार की जा रही थी और फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड एक्ट द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा था जानकारी देते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आशीष चावला ने बताया कि मौके पर टीम ने दो सैंपल जिसमें एक सोया चैप तथा दूसरा सोया आटा (सोया फ्लोर) का लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है उन्होंने कहा कि रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गंदगी का था वातावरण

डॉ आशीष चावला ने आगे बताया कि निरीक्षण के दौरान निर्माण इकाई में अस्वच्छ परिस्थितियां भी पाई गई। खाद्य पदार्थों के निर्माण में लगे कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता (पर्सनल हाइजीन) के निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। इन उल्लंघनों के मद्देनजर इकाई के विरुद्ध अस्वच्छता संबंधी चालान जारी किया गया। यह सोया चाप दूषित वातावरण में बनाई जा रही थी और बनाने का तरीका भी निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं था, उन्होंने कहा ऐसे खाद्य पदार्थ सेहत के लिए नुकसानदायक होते हैं

## शहर में दर्जनो जगहों पर बनती है सोया चाप

शहर में जगह-जगह बिकने वाली सोया चाप के बारे में फूड बिजनेस ऑपरेटरस का मानना है कि शहर में दर्जनों जगह पर सोया चाप का निर्माण किया जा रहा है और कई तरह की सोया चाप बाजार में उपलब्ध है इनमें मैदे से बनने वाली सोया चाप भी शामिल है जो सेहत के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि अच्छा दुकानदार प्योर सोया चाप का इस्तेमाल करता है जबकि अधिकतर मैदे की सोया चाप अथवा मिलावटी सोया चाप का इस्तेमाल करते हैं।

# बिजली का ट्रांसफार्मर लगाते हुए नीचे गिरा, दो लोग दबे

लुधियाना/यूटर्न/18 अगस्त। मंगलवार दोपहर को बड़ी हैबोवाल के जस्सियां रोड पर बिजली विभाग द्वारा फीटिंग करते हुए अचानक ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया। जिस कारण वहां खड़े दो लोग ट्रांसफार्मर के नीचे आने से दब गए। आसपास के लोगों ने मिलकर ट्रांसफार्मर को साइड किया और लोगों को नीचे से निकाला। जिसके बाद उन्हें



ट्रांसफार्मर के नीचे दबे लोगों को निकालते इलाका निवासी



सड़क पर गिरा ट्रांसफार्मर

अस्पताल दाखिल कराया गया है। जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अभी जख्मियों की पहचान नहीं हो सकी है। मामले की सूचना मिलने पर थाना हैबोवाल की पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार जस्सियां रोड पर बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा था। बिजली विभाग के मुलाजिमों ने मशीनरी की सहायता से ट्रांसफार्मर ऊपर उठाया। लेकिन फीटिंग करते समय वे नीचे गिर गया। जिस कारण वहां खड़े दो लोग नीचे दब गए। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें ट्रांसफार्मर गिरते हुए और लोगों के भागते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान कई लोगों ने भागकर अपना बचाव किया। हादसे में ट्रांसफार्मर का सारा तेल भी निकल गया। चर्चा है कि बिजली विभाग के मुलाजिमों द्वारा बिना सेफ्टी के यह कार्य किया जा रहा था। यहां तक कि उन्होंने लोगों को भी पीछे हटने के लिए नहीं कहा। जिससे हादसा हो गया।

यूटर्न टाइम

# पंचकूला में अवैध कॉलोनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 18 एकड़ में तोड़फोड़

## गोलपुरा में अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई, कच्चे रास्ते और दो निर्माण ध्वस्त



पंचकूला/यूटर्न/18 अगस्त। उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा के मार्गदर्शन में तथा जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) श्रीमती बबिता गुप्ता के नेतृत्व में जिला नगर योजनाकार, पंचकूला की टीम ने अर्बन एरिया पंचकूला में अवैध कॉलोनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान गांव गोलपुरा, तहसील बरवाला में करीब 18 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की गई। टीम ने जेसीबी की सहायता से कॉलोनी में बनाए गए कच्चे रोड नेटवर्क तथा दो निमार्णों को ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार श्रीमती बबिता गुप्ता, ड्यूटी मजिस्ट्रेट श्री अशोक कुमार, सहायक नगर योजनाकार श्री डिम्पी राठी तथा भारी पुलिस बल मौजूद रहा। जानकारी देते हुए श्रीमती बबिता गुप्ता ने बताया कि किसी भी प्रकार का निर्माण करने अथवा कॉलोनी विकसित करने से पहले निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा से आवश्यक अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बिना अनुमति के अवैध निर्माण करता अथवा अनधिकृत कॉलोनी विकसित करता पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रखी जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग से सीएलयू/लाइसेंस की अनुमति प्राप्त किए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण न करें और न ही अनधिकृत कॉलोनी विकसित करें।

# ट्रामाडोल कैप्सूल बरामदगी मामले में आरोपी बरी, पुलिस की कहानी पर कोर्ट ने उठाए सवाल

## रिकवरी को लेकर गवाहों के बयान में विरोधाभास, तलाशी प्रक्रिया में भी मिली खामियां -संदेह का लाभ देकर संदीप यादव को किया आरोपों से मुक्त

मोहाली/यूटर्न/18 अगस्त। वर्ष 2018 के ट्रामाडोल कैप्सूल बरामदगी मामले में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज की अदालत ने आरोपी संदीप यादव को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को कानून के मुताबिक और संदेह से परे साबित करने में नाकाम रहा। अदालत ने कथित बरामदगी की प्रक्रिया और पुलिस गवाहों के बयानों में गंभीर विरोधाभास पाए, जिसके चलते आरोपी को संदेह का लाभ दिया गया।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक, वर्ष 2018 में जीरकपुर पुलिस ने संदीप यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 220 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद करने का दावा किया था। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। हालांकि, ट्रायल के दौरान पेश किए गए साक्ष्यों में कथित बरामदगी को लेकर कई सवाल सामने आए।



### शर्ट या पैंट की जेब, रिकवरी पर ही अलग-अलग बयान

मामले में सबसे महत्वपूर्ण विरोधाभास कथित कैप्सूल की बरामदगी की जगह को लेकर सामने आया। जांच अधिकारी ने अदालत में बताया कि ट्रामाडोल कैप्सूल आरोपी की शर्ट के बाईं ओर से बरामद किए गए थे। वहीं, रिकवरी के गवाह गुरप्रीत सिंह ने इसके विपरीत बयान देते हुए कहा कि कैप्सूल आरोपी की पैंट की जेब से मिले थे। अदालत ने माना कि कथित बरामदगी को लेकर गवाहों के इन अलग-अलग बयानों से रिकवरी की विश्वसनीयता पर गंभीर संदेह पैदा होता है। अभियोजन पक्ष यह स्पष्ट करने में भी सफल नहीं रहा कि कैप्सूल वास्तव में आरोपी के पास से किस स्थान से बरामद किए गए थे।

### तलाशी प्रक्रिया को लेकर भी कोर्ट ने जताई आपत्ति

अदालत ने पाया कि तलाशी और बरामदगी की प्रक्रिया के दौरान कोई गजटेड अधिकारी या मजिस्ट्रेट मौजूद नहीं था। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष को यह साबित करना जरूरी था कि आरोपी की तलाशी और उससे कथित बरामदगी एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 की आवश्यकताओं के अनुरूप हुई थी।

अदालत ने यह भी गौर किया कि आरोपी को तलाशी और बरामदगी के संबंध में मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया गया। इन प्रक्रियागत कमियों ने अभियोजन पक्ष के मामले को और कमजोर किया।

### संदेह का लाभ देकर आरोपी को किया बरी

अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों में मौजूद विरोधाभास और तलाशी व जब्ती की प्रक्रिया में सामने आई कमियों के कारण कथित बरामदगी को विश्वसनीय मानना सुरक्षित नहीं है। अभियोजन पक्ष कानून के तहत अपने मामले को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। इन परिस्थितियों में अदालत ने संदीप यादव को संदेह का लाभ देते हुए आरोपों से बरी कर दिया।

## वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, तीन आरोपी गिरफ्तार



मोहाली/यूटर्न/18 अगस्त। शहर में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फेज-1 थाना पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर 10 चोरी के मोटरसाइकिल और आठ साइकिल बरामद किए हैं। कार्रवाई एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस के दिशा-निर्देशों पर की गई। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह ने बताया कि आठ अगस्त को पुलिस ने सूचना के आधार पर रणजीत सिंह निवासी फतेहगढ़ साहिब को चोरी के मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया था। रिमांड के दौरान उसकी निशानदेही पर एक और मोटरसाइकिल बरामद हुआ। पूछताछ में रोहित सिंह उर्फ अमन उर्फ डागी और करण शर्मा के नाम सामने आए।

पुलिस ने 10 अगस्त को करण शर्मा को गिरफ्तार कर उससे तीन मोटरसाइकिल बरामद किए। बाद में उसकी निशानदेही पर मोहाली क्षेत्र से चोरी की गई आठ साइकिल भी बरामद हुईं। 12 अगस्त को रोहित सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया। रिमांड के दौरान उससे पांच मोटरसाइकिल बरामद हुए। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर अन्य वाहन चोरी की वारदातों और संभावित साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## बेटी को परेशान करने का आरोप, 16 वर्षीय किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

मोहाली/यूटर्न/18 अगस्त। सोहाना थाना क्षेत्र के गांव सोहाना में 16 वर्षीय किशोरी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की मां ने कुंभड़ा निवासी राज पटेल पर उसकी बेटी को काफी समय से परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में मृतका की मां मीरा देवी ने बताया कि वह सोहाना में किराये के पीजी में रहती हैं और मेहनत-मजदूरी का काम करती हैं। उनकी चार बेटियां हैं। इनमें 16 वर्षीय दुर्गा उनके साथ कोठियों में साफ-सफाई का काम करती थी।

### मां के मुताबिक मानसिक रूप से परेशान थी बेटी

मीरा देवी ने पुलिस को बताया कि कुंभड़ा निवासी राज पटेल उनकी बेटी दुर्गा को काफी समय से परेशान कर रहा था। इसके कारण दुर्गा मानसिक रूप से परेशान रहती थी। 17 अगस्त को मीरा देवी रोज की तरह सुबह करीब सात बजे काम पर चली गई थीं। करीब 11 बजे उनकी छोटी बेटी मनीषा उनके पास पहुंची और बताया कि दुर्गा कमरे में लटकी हुई है। मीरा देवी तुरंत कमरे में पहुंचीं तो दुर्गा कमरे में लगी पाइप से चुन्नी के सहारे लटकी मिली।

### अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से दुर्गा को सिविल अस्पताल फेज-6 मोहाली पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मीरा देवी ने अपने बयान में आरोप लगाया कि राज पटेल की ओर से कथित तौर पर परेशान किए जाने के कारण ही उनकी बेटी ने यह कदम उठाया। उन्होंने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### पुलिस ने दर्ज किया केस, जांच शुरू

जांच अधिकारी एएसआई नरिंदर सिंह ने बताया कि सिविल अस्पताल फेज-6 से किशोरी के मृत अवस्था में अस्पताल पहुंचने की सूचना मिलने के बाद अस्पताल में जाकर जांच की गई। इसी दौरान मीरा देवी अपनी बेटी प्रभा के साथ थाने पहुंचीं और बयान दर्ज करवाया।




पेज 12 शिवपुरी कॉलोनी में बंद घर को चोरों ने बनाया...


# पंजाब में पूनिया की पारी, गुजरात में चुघ की बारी: BJP ने बदली चुनावी बिसात

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अगस्त। BJP ने 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले पंजाब, उत्तर प्रदेश और गुजरात के लिए नए प्रभारी नियुक्त करते हुए, चुनाव वाले अहम राज्यों में अपने संगठन में फेरबदल शुरू कर दिया है। राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय मुख्यालय के प्रभारी तरुण चुघ को गुजरात की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। चुघ को संगठन की रणनीति बनाने में माहिर माना जाता है और उन्होंने कई राज्यों में पार्टी के चुनाव प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई है।



BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को राष्ट्रीय महासचिव सतीश पूनिया को पंजाब के लिए पार्टी का प्रभारी नियुक्त किया। राजस्थान के नेता, जो पहले राजस्थान में BJP के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं, पंजाब में पार्टी की संगठनात्मक और चुनावी रणनीति की देखरेख करेंगे।

उत्तर प्रदेश के लिए, BJP ने राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद विनोद तावड़े को राज्य प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि राष्ट्रीय सचिव जगदीश ईश्वरभाई पटेल को सह-प्रभारी बनाया गया है। उत्तर प्रदेश इखढ के लिए एक अहम चुनावी परीक्षा होगी क्योंकि पार्टी राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है।

ये नियुक्तियां इसलिए भी अहम हैं क्योंकि BJP 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है, जिसमें वह अपने पारंपरिक समर्थन वाले इलाकों से बाहर भी अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। पार्टी पहले ही सभी 117 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का इरादा जता चुकी है।

ये नियुक्तियां नवीन के नेतृत्व में इखढ की नई राष्ट्रीय टीम के ऐलान के एक दिन बाद हुई हैं, जो पार्टी की ओर से संगठन में बड़े बदलाव का संकेत है क्योंकि पार्टी कई अहम विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है।

नई नियुक्तियां तुरंत लागू हो गई हैं। इखढ ने कहा कि दूसरे राज्यों के लिए व्यवस्थाओं की घोषणा अलग से की जाएगी और तब तक मौजूदा प्रभारी अपनी ज़िम्मेदारी निभाते रहेंगे।

# 44 मरला जमीन की बिक्री मामले में गुरुद्वारा अंब साहिब के पूर्व मैनेजर की जमानत खारिज

## कोर्ट ने कहा- आरोप गंभीर, गवाहों को प्रभावित करने और सबूतों से कर सकता है छेड़छाड़

मोहाली/यूटर्न/18 अगस्त। गुरुद्वारा अंब साहिब के पूर्व मैनेजर राजिंदर सिंह तोहरा की 44 मरला जमीन की कथित धोखाधड़ी से बिक्री के मामले में जमानत अर्जी खारिज कर दी गई है। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज हरदीप सिंह की अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद कहा कि आरोपी के खिलाफ लगे आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। अदालत ने यह भी माना कि जमानत पर रिहा होने की स्थिति में आरोपी के गवाहों को प्रभावित करने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की आशंका से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता।

अदालत ने मामले के रिकॉर्ड का अवलोकन करते हुए पाया कि विवादित 44 मरला संपत्ति 'गुरुद्वारा साहिब पातशाही-7' के नाम पर दर्ज थी। जमाबंदी में भी गुरुद्वारा साहिब को ही उक्त जमीन का मालिक बताया गया था।



विवादित जमीन की सेटलाइट फोटो

### गुरुद्वारा खाते के बजाय आरोपी के नाम रकम ट्रांसफर करने का आरोप

मामले में अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि जमीन की बिक्री से प्राप्त रकम गुरुद्वारा साहिब के खाते में जमा कराने के बजाय राजिंदर सिंह के नाम पर ट्रांसफर की गई। आरोप है कि सेल डीड के रजिस्ट्रेशन के समय जारी किए गए चेक भी राजिंदर सिंह के नाम पर ही जारी हुए थे।

### जाली अथॉरिटी लेटर के आधार पर बिक्री का आरोप


अभियोजन पक्ष के अनुसार, विवादित जमीन की बिक्री के लिए 15 अक्तूबर 2025 की तारीख वाला एक अथॉरिटी लेटर इस्तेमाल किया गया था। आरोप है कि इस दस्तावेज पर संबंधित अथॉरिटी के सेक्रेटरी के जाली हस्ताक्षर किए गए थे। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि एसजीपीसी की एग्जीक्यूटिव कमेटी ने इस तरह का अथॉरिटी लेटर जारी करने के लिए कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया था। अभियोजन पक्ष का कहना है कि इसी विवादित दस्तावेज के आधार पर 44 मरला संपत्ति की कथित बिक्री की गई।

### महत्वपूर्ण गवाहों के बयान अभी बाकी

अदालत ने माना कि मामले में चालान पेश किया जा चुका है, लेकिन महत्वपूर्ण गवाहों के बयान अभी दर्ज किए जाने बाकी हैं। कोर्ट ने कहा कि इस स्तर पर आरोपी को जमानत देने से उसके ट्रायल की कार्यवाही प्रभावित होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। अदालत ने आरोपों की प्रकृति और गंभीरता मामले में चल रही कार्यवाही के चरण और आरोपी द्वारा ट्रायल में हस्तक्षेप की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए राजिंदर सिंह तोहरा की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# पंजाब सरकार के क्लर्क कैडर की सैलरी को लेकर दावों पर सवाल, कर्मचारियों ने जारी किए तुलनात्मक आंकड़े

चंडीगढ़/यूटर्न/18 अगस्त। पंजाब में क्लर्क कैडर की तनख्वाह को लेकर सरकार के दावों पर सवाल उठाए गए हैं। कर्मचारी पक्ष का आरोप है कि सरकार यह प्रचार कर रही है कि पंजाब का क्लर्क केंद्र सरकार के क्लर्क से अधिक वेतन ले रहा है, जबकि वास्तविक स्थिति इससे अलग है। कर्मचारियों की ओर से जारी किए गए तुलनात्मक विवरण में दावा किया गया है कि पंजाब में कार्यरत क्लर्क को केंद्र सरकार के क्लर्क से ही नहीं,




बल्कि केंद्र के ग्रुप-डी कर्मचारी से भी कम वेतन मिल रहा है। कर्मचारी प्रतिनिधियों के मुताबिक, जारी आंकड़ों में केवल मूल वेतन (बेसिक पे) और महंगाई भत्ता (डीए) जोड़कर तुलना की गई है। उनका कहना है कि यदि केंद्र सरकार के ग्रुप-डी कर्मचारियों को मिलने वाले अन्य भत्तों को भी इसमें शामिल कर लिया जाए तो वेतन का अंतर और बढ़ जाता है। इन भत्तों में मकान किराया भत्ता (एचआरए), परिवहन भत्ता (टीए) तथा अन्य सरकारी भत्ते शामिल हैं। कर्मचारी पक्ष ने सरकार से क्लर्क कैडर की वास्तविक वेतन स्थिति को स्पष्ट करने और वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग की है।

# घुटने बदले या कहानी? पंजाब के I-Day मंच पर 'लाभार्थियों' का भांगड़ा



चंडीगढ़/यूटर्न/18 अगस्त। फिरोजपुर में पंजाब के स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान स्वास्थ्य विभाग की झांकी ने राजनीतिक बहस छेड़ दी है। इसमें भांगड़ा करने वाले बुजुर्गों को राज्य की स्वास्थ्य योजना के लाभार्थियों के तौर पर पेश किया गया था। 15 अगस्त को मुख्यमंत्री भगवंत मान की मौजूदगी में दिखाई गई इस झांकी का मकसद 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' के फायदों को बताना था। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थी 10 लाख तक का कैशलेस इलाज करवा सकते हैं। जब झांकी मुख्य मंच के पास से गुजरी, तो बुजुर्गों के एक समूह ने पंजाबी संगीत पर भांगड़ा किया। साथ में की गई घोषणा में कहा गया कि इन कलाकारों का इस योजना के तहत घुटने का प्रत्यारोपण (नी-रिप्लेसमेंट) हुआ था और इलाज के बाद अब वे नाचने में सक्षम हैं। इस प्रस्तुति ने सोशल मीडिया पर ध्यान खींचा और विपक्षी दलों की आलोचना का सामना किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या ये बुजुर्ग वाकई योजना के लाभार्थी थे। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने बाद में स्पष्ट किया कि प्रतिभागी सरकार की स्वास्थ्य सेवा पहलों के असर को दिखाने के लिए एक प्रतीकात्मक प्रस्तुति का हिस्सा थे। फिरोजपुर की सिविल सर्जन डॉ. मीनाक्षी ढींगरा ने कहा कि कलाकारों को ऐसे असली मरीजों के तौर पर पेश नहीं किया गया था जिनका घुटने का प्रत्यारोपण हुआ हो। यह स्पष्टीकरण तब आया जब बुजुर्ग प्रतिभागियों में से कम से कम एक ने – जिनकी पहचान स्वास्थ्य विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी के तौर पर हुई – कथित तौर पर कहा कि उनका घुटने का प्रत्यारोपण नहीं हुआ था। अन्य रिपोर्टों में भी कहा गया कि कई प्रतिभागियों का स्वास्थ्य विभाग से संबंध था।

# जन हितैषी न्यूज और यूटर्न अखबार के सहयोग से पंचकुला के क्लब और जीरकपुर के पांच सितारा होटल में मनाया गया तीज का प्रोग्राम

कपिल नागपाल

जीरकपुर/पंचकूला/यूटर्न/18 अगस्त। एन. के प्रोडक्शंस जिसकी फाउंडर नेहा खन्ना जी है जिनके पहले भी बहुत भव्य इवेंट्स हुए है और इस बार भी नेहा खन्ना ने किया इस बार भी धमाका ट्राइसिटी का सबसे बड़ा तीज त्योहार का किया गया भव्य आयोजन तीया दिला दिया में पहुंची 250+ महिलाओं ने लिया भाग 5 तीज क्वीन निकाली गई। सारी महिलाओं को दिये हुए सिंधारा और रिटर्न गिफ्ट्स। जैसे कि आप सब जानते ही है कि तीज पंजाब और हरियाणा में बहुत धूम धाम से मनाई जाती है। सभी महिलाओं का फुलकारी और ढोल से स्वागत किया गया और बहूत सारी मस्ती धमाल हुई। सभी महिलाओ ने बाद चढ़ कर भाग लिया सभी एक्टिविटी में। इसमें मुख्य अतिथि रहे सुनीता खन्ना जी,सविता खींद्री जी प्रियंका यादव जी नैंसी घूमन जी,सरदार गुरदर्शन सिंह सैनी जी , राकेश गर्ग





जी,डॉ. बीनू राव जी, नीहारिका गर्ग जी,अरुण ग्रोवर जी, नेहा शर्मा जी। इसमें मुख्य जजमेंट पर रहे



मास्टर मैक जी, जानवी बंसल जी , प्रीति नारंग जी , विनीत जी। सेलिब्रिटी गेस्ट रहे फतेह म्यूजिक, सीता कौर, और मलकियत सिंह जी और टीम सहयोगी रहे पूजा राणा जी , गीत जी, अनीश जी , राजीव जी,मोहित सहोता जी, विष्णुपांडेय जी, तान्या मरवाहा जी, इवेंट मैनेजर रहे ईमान थापा जी। ओर हमारे स्पांसर सहयोगी रहे एंजल प्रोडक्शन, छएटडफ, रंगरीत वेडिंग ड्रेस, आकाशनी ज्वैलर्स, स्टाइलॉक,ईमो डांस और फिटनेस स्टूडियो, अमर्टेक्स , SDS फोटोग्राफी, सिमर



ग्राफिक्स, अनुराग इवेंट्स, वनवे फाउंडेशन। सभी मीडिया पार्टनर्स को तहे दिल से शुक्रिया । आप ऐसे ही अब अपना प्यार देते रहे सपोर्ट करते रहे ओर एन के प्रोडक्शंस ऐसे ही इवेंट करवाता रहे।

दूसरी तरफ पंचकूला के नाइट क्लब डीरोमा में मनाया गया तीज का प्रोग्राम महिलाओं ने बजाया ढोल निधि चावला ने यूटर्न और जनहितैषी न्यूज का किया धन्यवाद

पंचकूला सेक्टर-5 में किटी



एंड मेकअप ग्रुप की ओर से हरियाली तीज उत्सव का आयोजन किया गया। सेक्टर 5 के एक क्लब में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं और खेल आयोजित किए गए। महिलाओं ने हरियाणवी और पंजाबी नृत्य की प्रस्तुतियां दीं और ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया। रंग-बिरंगे परिधानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को खास बना दिया।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

### दुकानदार सामान के वजन में कमी कर सकता है?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

कई बार हम किराने की दुकान से आटा, चावल, दाल, मिठाई या कोई अन्य सामान खरीदते हैं और दुकानदार से कहते हैं—ह्लएक किलो दे दीजिए।ह्व लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि वास्तव में सामान का वजन एक किलो है या उससे कम?


कानून के अनुसार ग्राहक को सही Quantity और Weight में सामान मिलना चाहिए। यदि किसी ग्राहक से एक किलो सामान के पैसे लिए गए हैं, तो उसे एक किलो ही सामान मिलना चाहिए। दुकानदार द्वारा तराजू में गड़बड़ी करना, गलत वजन का इस्तेमाल करना या पैकिंग पर लिखे वजन से कम सामान देना ग्राहक के अधिकारों का उल्लंघन हो सकता है। पैक्ड सामान खरीदते समय भी पैकेट पर लिखे Net Weight को जरूर देखें। उदाहरण के लिए, यदि पैकेट पर 1 किलो लिखा है, तो उसमें पैकिंग का वजन शामिल नहीं होना चाहिए। ग्राहक को बताई गई मात्रा के अनुसार ही सामान मिलना चाहिए।

यदि आपको शक हो कि वजन कम है, तो दुकानदार से दोबारा वजन करवाने को कह सकते हैं। विवाद होने पर Bill या Receipt संभालकर रखें। जरूरत पड़ने पर संबंधित छ्रीं' Metrology Department में शिकायत की जा सकती है।

यह नियम केवल किराने के सामान पर ही लागू नहीं होता। Petrol Pump पर Fuel की मात्रा, Jewellery में सोने का वजन और कई अन्य खरीदारी में भी सही माप और वजन का महत्व होता है। कई बार ग्राहक छोटी रकम का मामला समझकर शिकायत नहीं करते। लेकिन रोजमर्रा की खरीदारी में थोड़ी-थोड़ी मात्रा की ऐसी गड़बड़ी भी बड़ी समस्या बन सकती है।

निष्कर्ष: जिस सामान के लिए जितनी मात्रा के पैसे दिए हैं, उतनी ही मात्रा मिलना ग्राहक का अधिकार है। खरीदारी करते समय वजन और Quantity पर ध्यान दें और शक होने पर तुरंत जांच करवाएं।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### महलों का उजाला भी अँधेरा है, अगर उसकी रोशनी की कमान किसी और के हाथ में है

उजाला मनुष्य के जीवन में आशा, स्वतंत्रता और प्रगति का प्रतीक माना जाता है। लेकिन यदि उस उजाले की दिशा और उसकी रोशनी की कमान किसी दूसरे व्यक्ति के हाथ में हो, तो वह उजाला भी अँधेरे के समान है। इसका अर्थ है कि केवल सुविधाएँ और अवसर मिलना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका उपयोग करने की स्वतंत्रता भी आवश्यक है।

आज के समय में अनेक लोग अपने निर्णय स्वयं लेने के बजाय दूसरों के दबाव में निर्णय लेते हैं। मित्र या परिस्थितियाँ कभी-कभी हमारी सोच और इच्छाओं को प्रभावित करती हैं। हम अंदर से करना तो कुछ चाहते हैं पर दोस्तों के उकसाने या उनके प्रभाव में आकर हम निर्णय कुछ और ले लेते हैं जो कई बार हमारी आंतरिक इच्छा के विरुद्ध होता है और हमें मानसिक शांति भी नहीं दे रहा होता। ऐसी स्थिति में सफलता मिलने पर भी मन को वास्तविक संतुष्टि नहीं मिलती। सच्चा उजाला तभी है, जब व्यक्ति अपनी समझ, विवेक और आत्मविश्वास से अपने जीवन की दिशा तय कर सके। स्वतंत्रता का अर्थ मनमानी करना नहीं, बल्कि सही और गलत में अंतर समझकर अपने निर्णय लेने की क्षमता रखना है। हमें दूसरों के मार्गदर्शन का सम्मान करना चाहिए, लेकिन अपनी सोच को पूरी तरह किसी और के हाथों में नहीं सौंपना चाहिए। अत: जीवन का वास्तविक उजाला वही है जिसकी रोशनी की कमान हमारे अपने विवेक और आत्मविश्वास के हाथ में हो। तभी मनुष्य सच्चे अर्थों में स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बन सकता है।

# सनटेक सिटी मामले में ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच, अजय सहगल की जमानत याचिका खारिज




मोहाली/यूटर्न/18 अगस्त। सनटेक सिटी प्रोजेक्ट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहाली की अदालत ने आरोपी अजय सहगल की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी।

अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद अपने अलग आदेश के तहत जमानत देने से इनकार कर दिया। अजय सहगल की ओर से दलील दी गई थी कि सोसायटी द्वारा प्लॉट बेचकर अर्जित धन को मनी लॉन्ड्रिंग के तौर पर इस्तेमाल किए जाने का कोई ठोस या विशिष्ट साक्ष्य रिकॉर्ड पर नहीं है। बचाव पक्ष ने कहा कि जांच एजेंसी यह भी स्पष्ट नहीं कर सकी है कि कथित अपराध से प्राप्त रकम कितनी थी, उसे किस खाते या संस्था में ट्रांसफर किया गया और किस तरीके से उसे आगे इस्तेमाल या वैध रूप दिया गया।

मामला इंडियन को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी द्वारा विकसित किए जा रहे सनटेक सिटी प्रोजेक्ट से जुड़ा है। पुलिस ने इस संबंध में थाना मुल्लांपुर में 19 नवंबर 2022 को एफआईआर दर्ज की थी।

इसमें धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी और साजिश समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। अजय सहगल की ओर से अदालत में यह भी दलील दी गई कि मूल एफआईआर में उन्हें पहले ही नियमित जमानत मिल चुकी है।

इस जमानत आदेश को निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक चुनौती दी गई, लेकिन अंतत: जमानत बरकरार रही।

# खाने-पीने की वस्तुओं में जहर की जांच करेगा कौन ?

## सेहत विभाग ने की आंखें बंद, अधिकारियों की कमी व रहमो-कर्म से बिगड़े हालात

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/18 अगस्त। वर्तमान में खाने-पीने की वस्तुओं में मिलावाट, दूषित भोजन, हवा, पानी में प्रदूषण का असर आने से लोगों का जीना दूभर हो गया है। सब्जियों, दालों व फलों में विभिन्न स्प्रे के छिड़काव के कारण जहर की मात्रा पहले से काफी बढ़ गई है। ऊपर से जी.एम. फसलों (जैनेटिक) मोडीफाइड फूड के आने के समाचारों ने रही-सही कसर भी पूरी कर दी है। ऐसे में अस्पतालों में मरीजों की संख्या में दिनों दिन वृद्धि हो रही है। होटलों, ढाबों व अन्य खाने-पीने की वस्तुओं की बिक्री के कारोबार से जुड़े लोगों पर सेहत विभाग का मानों रहमो-कर्म बरकरार है। फूड सैम्पलिग का काम खानापूर्ति का काम बनकर रह गया है। निगम भी वर्ष में कभी-कभार जांच के लिए कुंभकर्णी नींद से उठता है।



### फसलों में कीटनाशक, दालों में रंग व दूध में पाए जा रहे हार्मोन

दूषित व मिलावटी खान–पान के चलते लोगों में बीमारियां बढ़ रही है परंतु इसकी जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं दिखाई देता। वर्तमान में बनी हुई खाने–पीने की वस्तुओं के अलावा कोई भी फसल, फल, सब्जियां कीटनाशकों के छिड़काव के बिना नहीं उगाई जाती। कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल से फसलों का असर जहरीला हो गया है। फलों को मसालों से पकाया जाता है, जो सेहत के लिए ठीक नहीं है। इनमें कैसर कारक तत्व होने की बात की जाती है। दूध में हार्मोन व कीटनाशक होने से अब डाक्टर बच्चों को दूध देने से मना करने लगे हैं।

### फूड सैम्पलिंग का काम अधूरा

सेहत विभाग के उच्चाधिकारियों के बार–बार फूड सैम्पलिंग के काम में तेजी लाने के निदेर्शों के बावजूद जिलों में सेहत अधिकारी मिलावटखोरी व दूषित खाद्य पदार्थों के कामों में कम दिलचस्पी ले रहे हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों में 1740 फूड सैम्पल लेने का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है परंतु शायद ही कभी यह लक्ष्य पूरा हुआ हो। उदाहरण के लिए लुधियाना जिला एक उदाहरण के तौर पर लिया जा सकता है। विभाग ने हर माह लुधियाना जिले में 250 फूड सैम्पल लेने का लक्ष्य निर्धारित किया गया परंतु लक्ष्य पूरा करने की बजाय फूड बैंक के अधिकारी निश्चित संख्या को कम करने के लिए ही उच्च अधिकारियों को अनुरोध करते दिखाई देते हैं

### अस्पतालों में बढ़ रहे हैं मरीज

सेहत विभाग की मासिक की रिपोर्ट को देखा जाए तो इस माह में अस्पतालों में डायरिया, टायफायड, उच्च रक्तचाप, वायरल हेपेटाइटिस, दमा व फेफड़ों की बीमारियों के मरीजों की भी काफी संख्या देखी गई।खाने पीने की वस्तु की जांच के अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय–समय पर फूड बिजनेस ऑपरेटर के यहां काम करने वाले कर्मचारियों के मेडिकल टेस्ट भी देखे जाते हैं परंतु खाने पीने की वस्तुओं का निर्माण और बिक्री करने वालो द्वारा ऐसी जांच का विरोध किया जाता है एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि उन्हें भी सैंपल लेने में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है लोग नेताओं व अन्य प्रभावशाली लोगों के फोन कर कर के उन्हें सैंपल न लेने के लिए दबाव बनाते हैं

### दालो सब्जियों में अन्य खाद्य पदार्थों पर

कृत्रिम रंग डालकर उनका रंग गहरा व आकर्षक बनाया जा रहा है। इन खतरों को रोकने के लिए तैनात सेहत विभाग की टीम निर्धारित सैम्पल भी नहीं ले रही। सैम्पलिग के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। रासायनिक खादों व कीटनाशकों के बेहद इस्तेमाल से हार्मोन का इस्तेमाल, गोभी को सर्फ से धोकर उसका रंग निखारने, दालों को रंगने, इंजेक्शन द्वारा बैगन व पेठा का आकार रातों–रात बढ़ जाता है। किसी भी सरकार द्वारा खान–पान के मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया गया। केन्द्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा समय–समय पर करवाई जांच में फूल गोभी, बंद गोभी, भिंडी, हरी मिर्च, पालक, बैगन व शिमला मिर्च में भारी कीटनाशक पाए जा चुके हैं।

### दूध में फॉर्मलीन

दूध की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए दूध में फॉर्मलीन का इस्तेमाल किया जाता है इस केमिकल का इस्तेमाल शव को सुरक्षित रखने के लिए लेप के रूप में किया जाता है ताकि शव खराब ना हो अब इसका इस्तेमाल खुले रूप से दूध में हो रहा है इससे दूध और दूध से बने पदार्थ अधिक दिनों तक सुरक्षित रहते हैं परंतु फॉर्मलीन के इस्तेमाल से जहरीले हो जाते हैं हालांकि इसके इस्तेमाल का पता चलने पर सजा के साथ जुमार्ने का भी प्रावधान है परंतु फूड सेफ्टी विंग के अधिकारी ऐसी नौबत ही नहीं आने देते की कोई मिलावट कर और लोगों की जिंदगियों से खेलने वाला कानून के शिकंजे में आ जाए बताया जाता है कि यह उसी प्रकार है जिस प्रकार राजनेता अपने चहेते फूड सेफ्टी अफसरो को लाख गलतियां होने पर भी शहर से बदलने नहीं देते।

### लोग भी हों जागरूक :

खेती विरासत मिशन के विशेषज्ञों का कहना है कि संबंधित विभागों के साथ लोगों को भी जागरूक होना पड़ेगा। नहीं तो इसके खतरनाक नतीजे निकालेंगे, जिसका असर आने वाली नस्लों पर पड़ेगा। दूषित खान–पान के कारण लोगों की डी.एन.ए. के अलावा जीस व स्पर्म पर भी असर बढ़ रहा है

### 35 लाख की आबादी पर 4 फूड सेफ्टी अफसर

लुधियाना जिले की लगभग 35 लाख की जनसंख्या पर 4 फूड सेफ्टी अफसर तैनात किए गए हैं, जबकि यहां कम से कम 6 से अधिक अफसरों की तैनाती की जरूरत है। अधिकांश समय जिला सेहत अधिकारी व फूड सेफ्टी अफसर अपने कार्यालय में नहीं बैठते, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इनमें फूड लाइसेंस बनाने के लिए आने वाले लोग भी शामिल है। विभाग मे सैकड़ों फूड लाइसेंस पेंडिंग पड़े हैं। कम फूड सैम्पल लेने पर इसका ब्यौरा देने में आनाकानी की जाती है।

### *जगह–जगह बिक रहे दूषित खाद्य पदार्थ*

*शहर में जगह–जगह दूषित खाद्य पदार्थ बिक रहे आम देखे जा सकते हैं। रेहड़ियों, ढाबों, बाजारों में बिना ढके खाद्य पदार्थ बेचने वालों की काफी संख्या है परंतु इन पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही है। सेहत विभाग के कर्मचारी महीने दो महीने में एक बार इनके यहां चक्कर लगाने जरूर आते हैं परंतु न तो इन्हें खाने–पीने की वस्तुओं को बेचने के प्रति कोई निर्देश दिए जाते हैं और न ही लोगों को जागरूक करने में कोई दिलवस्पी दिखाई जाती है।*

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

दीपक अस्पताल में शहर के प्रसिद्ध पेट के रोगों के विशेषज्ञ डा. दिनेश गुप्ता ने बताया कि दूषित खान–पान के कारण अस्पताल में गैस्ट्रो, फूड प्वाइजनिंग, टायफायड के मामले बढ़े हैं। अधिकतर मरीज बीमार होने से पहले बाहर से खाना, फास्ट फूड व अन्य स्वास्थ्य पदार्थ खाने की बात स्वीकारते है। ऐसे में मरीजों की संख्या काफी अधिक है। डा. दिनेश गुप्ता के अनुसार खाने–पीने की वस्तुओं के अलावा पीने के पानी की गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। निरंतर दूषित खान–पान से पेट के गंभीर रोग हो सकते हैं। इससे लोगों की सेहत पर खतरे बढ़ते हैं। बच्चों के विकास में बाधा आती है। आज अधिकतर बीमारियां दूषित खान–पान के कारण ही हो रही है। दयानंद अस्पताल के विशेषज्ञों का भी यही मानना है

## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल को किया गया सम्मानित

लुधियाना/यूटर्न/18 अगस्त। लुधियाना में पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी (पीएयू) के एथलेटिक्स ग्राउंड में 15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस के मुंशी और हेड कांस्टेबल नीरज कुमार को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और बेहतर प्रबंधन के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान वित्त मंत्री पंजाब हरपाल सिंह चीमा, विधायक दलजीत संह ग्रेवाल, विधायक अशोक पराशर पप्पी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान वित्त मंत्री पंजाब हरपाल सिंह चीमा ने हेड कांस्टेबल नीरज कुमार के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि




उनकी उत्कृष्ट सेवाएं अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। बता दें कि हेड कांस्टेबल नीरज कुमार थाना मोती नगर, चौकी बस स्टैंड समेत कई थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। हेड कांस्टेबल नीरज कुमार ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में अहम रोल अदा किया।

## तीज महोत्सवः वॉर्ड नंबर 1 में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया सावन का पर्व



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/18/अगस्त। सावन के पवित्र महीने में पंजाब की सांस्कृतिक विरासत और भाईचारे के प्रतीक पर्व 'तियां' का आयोजन वॉर्ड नंबर 1 में बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। स्थानीय पार्षद गुरप्रीत कौर तत्तला और समस्त वॉर्ड वासियों के विशेष सहयोग से हर साल की तरह इस बार भी इस मेले को भव्य रूप दिया गया, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं और युवतियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

इस सांस्कृतिक कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि ब्याह कर ससुराल जा चुकीं बेटियां बड़े चाव से अपने मायके लौटीं और उन्होंने परिवार व सहेलियों के साथ मिलकर तियों के इस पर्व का खुलकर आनंद उठाया।

## दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या, दोस्त जख्मी, कार सवारों ने की वारदात

लुधियाना/यूटर्न/18 अगस्त। दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवक की जेएमडी मॉल के नजदीक कार सवारों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जबकि उसका दोस्त जख्मी हो गया। गोली युवक की गर्दन में लगने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान रमिंदर सिंह उर्फ सोनू (39) के रूप में हुई है। थाना कोतवाली की पुलिस मामले की जांच कर रही है। वह फोटोग्राफी का काम करता था, उसके दो बच्चे हैं।



फायरिंग में घायल संजीव ने बताया कि सोमवार को दोस्त सन्नी का बर्थडे था। सन्नी ने सभी को बर्थडे पार्टी में बुलाया था। इसके लिए वह, रमिंदर सिंह और 2 अन्य दोस्त पार्टी में शामिल होने गए थे। रात करीब 12 बजे के बीच सभी पार्टी के बाद खाना खाने के लिए घर लौट रहे थे। जेएमडी मॉल के पास उनके दोस्त की एक्टिवा और कार में टक्कर हो गई। मामला शांत करवाकर वे जा रहे थे तो पीछे से एक क्रेटा कार आई। उसमें सवार हमलावरों ने कार से ही गोलियां चला दीं।

## गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश उत्सव पर अमृतसर में 6.50 लाख पौधारोपण अभियान तेज



आर. के. उप्पल

अमृतसर/यू टर्न/18 अगस्त ! श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश उत्सव को समर्पित जिला प्रशासन अमृतसर द्वारा जिले में 6.50 लाख पौधे लगाने का विशेष अभियान तेजी से जारी है। विभिन्न सरकारी विभागों और सामाजिक सेवा संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण किया जा रहा है। अभियान में बच्चे और बुजुर्ग भी उत्साहपूर्वक योगदान दे रहे हैं। डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह ने बताया कि श्री गुरु रविदास जी ने मानवता को समानता, निःस्वार्थ सेवा और प्रकृति से प्रेम का संदेश दिया। इसी भावना के तहत प्रकाश उत्सव को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए 6.50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**गांवों से शहर तक हरियाली बढ़ाने पर जोर...**उन्होंने बताया कि पौधे गांवों की साझा जगहों, शामलात जमीनों, पार्कों, स्कूल-कॉलेजों, सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, सड़कों, नहरों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जा रहे हैं।

**पौधों की देखभाल भी होगी सुनिश्चित...**डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा और नियमित देखभाल कर उन्हें बड़े पेड़ों के रूप में विकसित करना है। संबंधित विभाग और संस्थाएं लगाए गए पौधों की जिम्मेदारी संभालेंगी। उन्होंने लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल का संकल्प लेने की अपील की।

## शहीदों और वीर नारियों को समर्पित महिला बाइक रैली



आर. के. उप्पल

अमृतसर/ यू टर्न /18 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस की भावना को समर्पित करते हुए भारतीय सेना के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने, वीर नारियों के साहस एवं बलिदान को नमन करने तथा महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के उद्देश्य से पैंथर डिवीजन द्वारा महिला बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली ओल्ड अमृतसर कैंट से न्यू अमृतसर मिलिट्री स्टेशन स्थित डोगराई वार मेमोरियल तक निकाली गई।

**गुलमोहर कौरल कपूर ने किया नेतृत्व...**रैली का नेतृत्व पैंथर डिवीजन एफ.डब्ल्यू.ओ. की चेयरपर्सन श्रीमती गुलमोहर कौरल कपूर ने किया, जबकि एफ.डब्ल्यू.ओ. पैंथर डिवीजन की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती संतोष छिल्लर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पैंथर डिवीजन के अधिकारियों, जे.सी.ओ. तथा अन्य रैंकों के परिवारों से संबंधित 46 महिला बाइक राइडरों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।

**डोगराई वार मेमोरियल में शहीदों को श्रद्धांजलि...**डोगराई वार मेमोरियल पहुंचने पर महिला बाइक राइडरों ने बैटल ऑफ डोगराई के दौरान देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 31 अक्टूबर तक 50% गांवों में शुरू होगा ठोस कचरा प्रबंधन

### कंपोस्ट पिट और सेग्रीगेशन शैड बनाने पर जोर, घर-घर कचरा अलग-अलग एकत्र करने के लिए चलेगा जागरूकता अभियान



आर. के. उप्पल

अमृतसर/ यू टर्न /18 अगस्त! अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) सुरिंदर सिंह ने जिले में ठोस कचरा प्रबंधन कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्ष्य रखा कि 31 अक्टूबर 2026 तक जिले के 430 गांवों में से कम से कम 50 प्रतिशत गांवों में ठोस कचरा प्रबंधन शुरू हो जाए। उन्होंने बताया कि फिलहाल 21 गांवों में यह व्यवस्था चल रही है, जहां घर-घर से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जा रहा है। उन्होंने सरपंचों व पंचायत सचिवों को गांवों में कंपोस्ट पिट तथा सेग्रीगेशन शैड स्थापित करने और इसके लिए 15वें वित्त आयोग के फंड का उपयोग करने के निर्देश दिए।

**हर गांव में वेस्ट कलेक्टर की उपलब्धता जरूरी...**एडीसी ने प्रत्येक गांव में वेस्ट कलेक्टर उपलब्ध करवाने तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को ठोस कचरा प्रबंधन से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने निगरानी समितियां गठित कर लोगों को गीले, सूखे, सैनिटरी और खतरनाक कचरे को अलग-अलग रखने के लिए जागरूक करने को कहा।

**जनभागीदारी से बनेगा स्वच्छता अभियान...**उन्होंने कहा कि गीले कचरे से जैविक खाद तैयार कर कचरे की मात्रा कम की जा सकती है। ठोस कचरा प्रबंधन को सरकारी योजना तक सीमित न रखकर जन आंदोलन बनाया जाए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और गांवों के सरपंच उपस्थित रहे।

## कटरा जाने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी: सबर्मती एक्सप्रेस अब पहुंचेगी श्री माता वैष्णो देवी धाम




आर. के. उप्पल

अमृतसर /यू टर्न / 18 अगस्त। श्री माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जाने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने बड़ी सुविधा की घोषणा की है। उत्तर रेलवे ने ट्रेन संख्या 19223/19224 सबर्मती बीजीझजम्मू तवीझसबर्मती बीजी एक्सप्रेस का विस्तार अब श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक करने का फैसला किया है। साथ ही सांबा, बड़ी ब्राह्मणा और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव भी दिए जाएंगे।

**18 अक्टूबर से शुरू होगी नई सेवा...**सबर्मती से कटरा जाने वाली ट्रेन संख्या 19223 की विस्तारित सेवा 18 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी, जबकि कटरा से सबर्मती लौटने वाली ट्रेन संख्या 19224 20 अक्टूबर 2026 से चलेगी। दोनों ट्रेनें प्रतिदिन संचालित होंगी।

नई समय-सारणी के अनुसार 19223 ट्रेन फिरोजपुर कैंट में सुबह 8:25 से 9 बजे तक रुकेगी। इसके बाद यह जालंधर सिटी, पठानकोट कैंट, कठुआ, सांबा, विजयपुर जम्मू, बड़ी ब्राह्मणा और जम्मू तवी होते हुए शाम 6:55 बजे कटरा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 19224 कटरा से सुबह 4:50 बजे रवाना होगी।

**38 ट्रेनों की समय-सारणी में बदलाव...**इस विस्तार के चलते उत्तर रेलवे ने जम्मू-कटरा मार्ग की कई ट्रेनों के समय में संशोधन किया है। इनमें वंदे भारत, कटरा एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। पंजाब की अजमेरझ अमृतसर एक्सप्रेस समेत फिरोजपुर क्षेत्र की कई ट्रेनों के समय भी बदले गए हैं। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले NTES या 139 पर संशोधित समय की पुष्टि करने की अपील की है।

## लुधियाना स्टेशन पर चला बड़ा टिकट जांच अभियान, 483 मामले पकड़े

अमृतसर /यू टर्न /18 अगस्त! यात्रियों को सुविधाजनक एवं सुगम यात्रा उपलब्ध कराने तथा बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से फिरोजपुर मंडल द्वारा आज लुधियाना रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेलवे अधिकारियों ने व्यापक स्तर पर टिकटों की जांच की।



### 48३ यात्रियों पर कार्रवाई, ₹३,84,२10 राजस्व वसूला

विशेष अभियान के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के कुल 483 मामले पकड़े गए। इन मामलों में रेलवे नियमों के तहत ₹3,84,210/- का रेल राजस्व वसूला गया। अभियान में 10 टिकट चेकिंग स्टाफ तथा रेलवे सुरक्षा बल (पढ्ञ) के जवानों की संयुक्त टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने की अपील

अभियान के दौरान यात्रियों को रेलवे नियमों के प्रति जागरूक करते हुए वैध टिकट लेकर ही यात्रा करने के लिए प्रेरित किया गया। यात्रियों को बताया गया कि वे अपनी निर्धारित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें तथा बिना टिकट या अनियमित यात्रा से बचें।

### प्लेटफॉर्म टिकट लेना भी जरूरी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री बसंत कुमार ने यात्रियों से अपील की कि वे स्टेशन परिसर में प्रवेश करने से पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें और यात्रा के दौरान अपना वैध टिकट साथ रखें।

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर 7500 से अधिक श्रद्धालुओं को वीजा देने की मांग



आर. के. उप्पल

अमृतसर/यू टर्न /18 अगस्त! शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली स्थित पाकिस्तान हाई कमीशन के मुख्य अधिकारी जनाब शायब अहमद वड़ैच से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने नवंबर 2026 में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश गुरुपर्व के अवसर पर पाकिस्तान जाने वाले अधिक से अधिक सिख श्रद्धालुओं को वीजा जारी करने की मांग की। इस संबंध में हाई कमीशन को लिखित पत्र भी सौंपा गया।

# फिरोजपुर रेल मंडल में ट्रैक्टर माल ढुलाई में 45 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि

## जुलाई में 35 रेक ट्रैक्टर लोडिंग, पिछले वर्ष के 24 रेक के मुकाबले 11 रेक अधिक

आर. के. उप्पल

अमृतसर/ यू टर्न /18 अगस्त। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में फिरोजपुर रेल मंडल की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बीडीयू) ने माल ढुलाई के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मंडल द्वारा ट्रैक्टरों की रेल के माध्यम से ढुलाई को बढ़ावा देने के लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप जुलाई 2026 में 35 रेक ट्रैक्टर लोडिंग दर्ज की गई। यह आंकड़ा पिछले वर्ष जुलाई की समान अवधि में दर्ज 24 रेक की तुलना में लगभग 45 प्रतिशत अधिक है। इस वृद्धि से जहां मंडल के माल यातायात में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है, वहीं रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोतरी हुई है।



### व्यापारियों का रेल परिवहन पर बढ़ा भरोसा

फिरोजपुर मंडल की बीडीयू द्वारा विभिन्न हितधारकों और व्यापारिक संगठनों के साथ नियमित बैठकें एवं बेहतर समन्वय किया जा रहा है। रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही किफायती, समयबद्ध और सुविधाजनक हाडोर-टू-डोरह्व माल ढुलाई सेवा के कारण व्यापारियों और उद्योग जगत का रेल परिवहन के प्रति भरोसा लगातार मजबूत हुआ है।

# मान सरकार पंजाब का माहौल क्यों बिगाड़ना चाहती है?: प्रो. सरचंद सिंह ख्याला

## लोंगोवाल की विरासत को राजनीतिक टकराव का मंच न बनाए सरकार

आर. के. उप्पल

अमृतसर/यू टर्न/18 अगस्त! पंजाब भाजपा प्रवक्ता एवं सिख चिंतक प्रो. सरचंद सिंह ख्याला ने आम आदमी पार्टी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भगवंत मान सरकार पंजाब में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के बजाय राजनीतिक टकराव और तनाव का माहौल पैदा कर रही है।

**एक ही दिन, एक ही स्थल पर दो रैलियों की अनुमति पर सवाल...**प्रो. ख्याला ने कहा कि 20 अगस्त को संत हरचंद सिंह लोंगोवाल के शहीदी दिवस पर लोंगोवाल की अनाज मंडी में शिरोमणि अकाली दल (बादल) और शिरोमणि अकाली दल (पुनर-सुरजीत) को एक ही स्थान पर अलग-अलग रैलियां करने की अनुमति देना सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। उनके अनुसार, दोनों दलों के राजनीतिक मतभेदों से सरकार पूरी तरह परिचित है। ऐसे में एक ही दिन और स्थल पर कार्यक्रमों की अनुमति टकराव की आशंका बढ़ा सकती है।



**शांति और सद्भाव होना चाहिए प्राथमिकता...**उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका बयान किसी अकाली गुट के समर्थन या विरोध में नहीं है। उनका मुख्य सरोकार पंजाब की शांति और संत लोंगोवाल की विरासत के सम्मान से है।


उन्होंने कहा कि संत लोंगोवाल की विरासत किसी एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि शांति और भाईचारे में विश्वास रखने वाले प्रत्येक पंजाबी की साझा विरासत है।

# घग्घर उफान पर, काजवे पर यातायात रोका; झुग्गियों में घुसा पानी

## मुबारकपुर काजवे के ऊपर से बहा पानी, प्रशासन ने एहतियातन बंद कराया रास्ता

डेराबस्सी/यूटर्न/18 अगस्त। लगातार हुई भारी बारिश ने मंगलवार को डेराबस्सी और आसपास के इलाकों में जनजीवन प्रभावित कर दिया। एक ओर शहर की कई सड़कें पानी में डूब गईं, वहीं घग्घर नदी का जलस्तर बढ़ने से मुबारकपुर काजवे के ऊपर से पानी बहने लगा। खतरे को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन काजवे पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी और लोगों को वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करने की सलाह दी।

बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में कई फुट तक पानी जमा हो गया। कई सड़कें तालाब जैसी नजर आईं और वाहन चालकों को पानी के बीच से गुजरना पड़ा। जलभराव ने नगर कौंसिल के बरसाती पानी की निकासी संबंधी दावों पर भी सवाल खड़े कर दिए। मुबारकपुर अंडरपास सहित अन्य निचले स्थानों पर पानी भरने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।



**काजवे के पास झुग्गियों में घुसा गंदा पानी...**मुबारकपुर काजवे के आसपास बनी करीब 150 झुग्गियों में भी बारिश का पानी घुस गया। यहां रहने वाले परिवारों के अनुसार बरसाती पानी के साथ आसपास के नालों का गंदा पानी भी झुग्गियों तक पहुंच गया। लोगों को घरेलू सामान बचाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। जलस्तर और बढ़ने की आशंका के चलते कई परिवारों में चिंता बनी रही। हर साल बनते हैं यही हालात, स्थायी समाधान की मांग



## 100 ट्रामाडोल गोलियां बरामद, एक गिरफ्तार

आर. के. उप्पल

अमृतसर / यू टर्न /18 अगस्त! पुलिस थाना सुल्तानविंड द्वारा नशीली गोलियों सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है! पुलिस द्वारा नका लगाकर असमाजिक तत्वों की चेकउँग की जा रही थी तभी एक व्यक्ति को शक्की हालत में काबू करके तलाशी लिए गई! आरोपी से 100 नशीली गोलिया जिन पर ट्रेनाडोल लिखा हुआ था बरामद की गई! आरोपी की पहचान अजयपाल सिंह निवासी तरनतारन हाल निवासी खालसा नगर, अमृतसर के रूप में की गई। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करके एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी का रिमांड लेकर नशीली दवाओं के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी!

## हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

अमृतसर / यू टर्न /18 अगस्त! पुलिस थाना गेट हकीमा की पुलिस पार्टी द्वारा नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हीरोइन मिश्रित पन्नी लाइटर और पन्नी से बनी पाइप बरामद की गई! आरोपी की पहचान विक्की उर्फ बग्गी निवासी फताहपुर के रूप में की गई! थाना गेट हकीमा पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और बरामद नशीले पदार्थ के स्रोत तथा इसकी सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जांच की जा रही है।

## 120 ग्राम हेरोइन और 85 हजार रुपये की ड्रग मनी सहित काबू

अमृतसर /यू टर्न / 18 अगस्त! मोहकमपुरा थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रदत्त सूचना के अनुसार गश्त के दौरान आरोपी को काबू करके तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 120 ग्राम हेरोइन और 85,000 रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी नशीला पदार्थ कहां से लेकर आया था और इसे आगे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था।

## 41 नशीली गोलियां बरामद, दो आरोपी काबू

अमृतसर /यू टर्न /18 अगस्त! मकबूलपुरा थाना पुलिस द्वारा नशीली गोलियों की बरामदगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शिवराम सिंह उर्फ बग्गो तथा रमनीक सिंह उर्फ साहिल उर्फ भुरजी को गुरु तेग बहादुर नगर क्षेत्र के पास से काबू किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सफेद रंग की नशीली गोलियां बरामद कीं। रिकॉर्ड के अनुसार एक आरोपी से 21 और दूसरे से 20 गोलियां बरामद हुईं, यानी कुल 41 नशीली गोलियां पुलिस के हाथ लगीं। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## पत्नी से मारपीट और घर से निकालने के आरोप में पति के खिलाफ मामला दर्ज

अमृतसर /यू टर्न /18 अगस्त! महिला थाना अमृतसर पुलिस ने घरेलू विवाद के मामले में पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता एकता निवासी गेट हकीमा ने आरोप लगाया कि उसके पति विक्रांत द्वारा उसके साथ कथित तौर पर मारपीट की, उसे परेशान किया और घर में रखने से इनकार किया।

शिकायत के अनुसार महिला ने पहले भी पुलिस के पास शिकायत दी थी। पुलिस जांच के दौरान उसके पति द्वारा मारपीट करने, मानसिक रूप से परेशान करने तथा बच्ची समेत उसे घर से बाहर निकालने के आरोप सामने आए। जांच रिपोर्ट और कानूनी राय के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 498-ए आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मेयर बिना चार्ज दिए विदेश दौरे पर गईं, सीनियर डिप्टी मेयर ने खुद ही लेटर जारी कर लिया चार्ज

## चर्चाः मेयर नहीं करवाई सकी पार्किंग टेंडर व बिल्डिंग पर एक्शन, क्या अब होगा एक्शन

लुधियाना/यूटर्न/18 अगस्त। लुधियाना की मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर अगले कुछ दिनों के लिए विदेशी दौरे पर गई हैं। उनकी तरफ से अपना एडिशनल चार्ज सीनियर डिप्टी मेयर को नहीं दिया गया। लेकिन उनके जाते ही सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर द्वारा मंगलवार को खुद ही एक लेटर जारी किया गया। जिसमें उन्होंने मेयर की अनउपस्थिति में उनका चार्ज लेने की घोषणा की है। इस संबंधी उनकी तरफ से हाउस के सभी मेंबर्स यानि कि पार्षदों को भी लेटर भेजकर सूचित कर दिया है। उनका कहना है कि मेयर की गैरमौजूदगी में निगम कार्य प्रभावित न हो, इस लिए उनकी तरफ से चार्ज लिया गया है। हालांकि अब सभी की नजरें सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर पर टिकी हैं। क्योंकि शहर में पार्किंग टेंडर समेत कई ऐसे मामले हैं, जिन्हें हल करने के लिए मेयर द्वारा आश्वासन दिया गया था। लेकिन वे हल नहीं हो सके। अब देखना होगा कि क्या सीनियर डिप्टी मेयर उन मुद्दों को हल कर सकेगें या नहीं।





**क्या पार्किंग टेंडर लगा सकेगें सीनियर डिप्टी मेयर ?...**बता दें कि शहर की पार्किंग साइटों पर पिछले तीन साल से टेंडर नहीं हो सके हैं। लोगों द्वारा लगातार इस टेंडर को कराने की मांग की जा रही है, ताकि निगम के चहेते ठेकेदारों के अलावा दूसरे ठेकेदारों को भी कमाई का मौका मिल सके। लेकिन मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर द्वारा एक साल पहले टेंडर कराने का ऐलान करने के बावजूद नहीं करवाए गए। जिसके चलते अब देखना होगा कि क्या सीनियर डिप्टी मेयर यह टेंडर करवा सकेगें या नहीं।



**सीनियर डिप्टी मेयर ने पत्र में यह लिखा...**सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने लिखा कि सूचित किया जाता है कि एमसी एक्ट 1976 धारा 40 (2) तहत मेयर के आधिकारिक दौरे/छुट्टी कारण, मैं सीनियर डिप्टी मेयर के तौर पर मेयर कार्यालय के रोजमर्रा के प्रशासनिक कामकाज का ज़िम्मा औपचारिक रूप से संभाल रहा हूँ। इस दौरान, मेयर कार्यालय के ध्यान की जरूरत वाले सभी जरूरी आधिकारिक पत्र-व्यवहार, प्रशासनिक फाइलें, वित्तीय मंजूरी और विभागीय सवालों को सीधे मेरे सचिवालय के जरिए भेजा जा सकता है। मैं सभी विभागों से अनुरोध करता हूँ कि वे चल रहे नागरिक प्रोजेक्ट और जन-सेवाओं के काम बिना रुकावट जारी रखें।

**सभी विभागीय फाइलें सी. डिप्टी मेयर के ऑफिस से गुजरेगी...**अब मेयर की मंजूरी के लिए पेंडिंग सभी कार्यों की प्रशासनिक फाइलें सीनियर डिप्टी मेयर के ऑफिस से होकर गुजरेगी। उनकी तरफ से मंजूरी मिलने के बाद ही आगे कार्य होंगे। इस संबंधी सीनियर डिप्टी मेयर द्वारा खुद बताया गया है।



**क्या वॉर्ड 90 की इललीगल इमारत पर होगा एक्शन ?...**सी. डिप्टी मेयर के अपने ही वॉर्ड 90 के पुरानी कोतवाली एरिया में बेसमेंट समेत छह मंजिलां पीएस मोबाइल स्पेयर पॉट्स शोरुम की अवैध इमारत बनी है। लेकिन आज तक एक्शन नहीं हुआ। चर्चा है कि दबाव के चलते कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। चर्चा अनुसार इस इमारत मालिक को उसी बिल्डिंग इंस्पेक्टर की शह है, जिस पर एक कथित पीए ने विधायक को 30 लाख रुपए चुनावी फंड देने के आरोप लगाए थे। लेकिन अब सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर खुद मेयर का चार्ज संभाल रहे हैं। जिसके चलते अब देखना होगा कि उक्त इमारत सील करवाई जाएगी या नहीं।

# जगतपुरा में प्रॉपर्टी कारोबारी पर बेसबॉल से हमला, दो के खिलाफ केस

## रास्ता रोकने को लेकर हुआ था विवाद, अगले दिन बाइक सवार आरोपियों ने सिर और पीठ पर किए वार

मोहाली/यूटर्न/18 अगस्त। जगतपुरा में रास्ता रोकने को लेकर हुए विवाद के बाद प्रॉपर्टी कारोबारी पर बेसबॉल से हमला करने का मामला सामने आया है। थाना सोहाना पुलिस ने जगतपुरा निवासी दो युवकों विक्की और बलजीत सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार दोनों पर आरोप है कि उन्होंने प्रॉपर्टी कारोबारी रणजीत सिंह पर जानलेवा हमला किया और उसके सिर व पीठ पर बेसबॉल से कई वार किए। घायल का चंडीगढ़ के जीएमसीएच-32 में इलाज चल रहा है।



### रास्ता खाली कराने को लेकर हुआ था विवाद

जांच अधिकारी एएसआई बलबीर सिंह के अनुसार, रणजीत सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 15 अगस्त को वह अपनी बेटी नवजोत कौर के साथ कार में घर जा रहा था। कार उसकी बेटी चला रही थी। जगतपुरा में रास्ते में एक तरफ ऑटो और दूसरी तरफ अन्य वाहन खड़े थे। यहां एक मकान में रहने वाले किरायेदारों के वाहन भी खड़े थे। रणजीत ने ऑटो चालक से वाहन एक तरफ करने को कहा, जिस पर कहासुनी हो गई। आरोप है कि ऑटो चालक ने उसके साथ गाली-गलौज और हाथापाई की। इसके बाद मौके पर पहुंची पीजी मालिक दविंदर कौर ने भी उनकी बेटी के साथ कथित तौर पर हाथापाई की। बाद में किरायेदारों ने अपने वाहन हटा लिए और वह बेटी के साथ घर चला गया।

### अगले दिन भेजा गया धमकी भरा संदेश

पुलिस को दिए बयान के मुताबिक 16 अगस्त को रणजीत को पता चला कि दविंदर कौर किसी के जरिए संदेश भेज रही थी कि उसे जान से मारना है। इसके अगले दिन 17 अगस्त को रणजीत एक्टिवा पर अपने घर से दफ्तर जा रहा था।

रणजीत के अनुसार सुबह करीब साढ़े 10 बजे गंदे नाले के पुल से पहले गुरुद्वारा साहिब की बैकसाइड पहुंचने पर विक्की और बलजीत सिंह रास्ते में खड़े थे। आरोप है कि बलजीत सिंह ने उसे देखते ही ललकारा और कहा कि आज उसे जाने नहीं देना है। इसके बाद विक्की ने बेसबॉल बैट से रणजीत के सिर पर वार कर दिया। वार लगने से वह सड़क पर गिर गया। आरोप है कि इसके बाद उसकी पीठ पर भी चार-पांच वार किए गए।

### अस्पताल से बयान के बाद दर्ज किया केस

जांच अधिकारी एएसआई बलबीर सिंह के अनुसार, जीएमसीएच-32 से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और डॉक्टर से घायल रणजीत सिंह की फिटनेस हासिल कर उसका बयान दर्ज किया। बयान के आधार पर पुलिस ने विक्की और बलजीत सिंह दोनों निवासी जगतपुरा के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 115(2) और 351(2) के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। शिकायत में लगाए गए अन्य आरोपों की भी अलग से जांच की जाएगी और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# BJP की नई डिजिटल टीम, पुराने निशान गायब

राजनीति में हमेशा से याददाश्त की समस्या रही है। नेता वादे करते हैं, अपनी बात बदलते हैं, खुद की ही बातों का खंडन करते हैं और कभी-कभी उम्मीद करते हैं कि कल का अखबार परसों तक भुला दिया जाएगा। सोशल मीडिया से इस स्थिति के बदलने की उम्मीद थी। इसने राजनेताओं, कार्यकताओं और राजनीतिक लोगों की उन बातों का एक तरह से स्थायी सार्वजनिक रिकॉर्ड बना दिया, जो उन्होंने तब कही थीं जब किसी को उनके महत्वपूर्ण बनने की उम्मीद नहीं थी।



संदीप शर्मा, सम्पादक

अब बीजेपी की नई घोषित सोशल-मीडिया टीम से जुड़ा एक दिलचस्प मामला सामने आया है। 'ऑल्ट न्यूज' की एक रिपोर्ट के अनुसार, 17 अगस्त को बीजेपी द्वारा अपनी नई सोशल-मीडिया नियुक्तियों की घोषणा के कुछ ही समय बाद, चार नवनियुक्त सह-संयोजकों के अकाउंट या तो गायब हो गए या उन तक पहुंच नहीं रही। कुछ पुरानी पोस्ट भी अब उपलब्ध नहीं थीं।

अलग-अलग अकाउंट में बदलाव के पीछे पूरी तरह से सामान्य कारण हो सकते हैं। लोग पोस्ट डिलीट करते हैं। वे अकाउंट लॉक करते हैं। वे यूजरनेम बदलते हैं। राजनीतिक संगठन भी समय-समय पर अपने पदाधिकारियों को पुरानी सोशल-मीडिया गतिविधियों को हटाने या साफ करने की सलाह देते हैं। इनमें से कोई भी बात अपने आप में गलत काम का सबूत नहीं है।

लेकिन राजनीति केवल इस बारे में नहीं है कि तकनीकी रूप से क्या जायज है। यह पारदर्शिता की छवि के बारे में भी है। बीजेपी ने भारत का सबसे मजबूत राजनीतिक संचार तंत्र खड़ा किया है। इसका डिजिटल इकोसिस्टम लंबे समय से मतदाताओं तक पहुँचने, विरोधियों का मुकाबला करने और राजनीतिक नैरेटिव (विमर्श) गढ़ने में केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। इस वजह से, उस तंत्र को चलाने की ज़िम्मेदारी संभालने वाले लोगों का सोशल-मीडिया इतिहास केवल एक व्यक्तिगत मामला नहीं रह जाता।

अगर पुरानी पोस्ट में आपत्तिजनक, संयम-हीन या राजनीतिक रूप से शर्मनाक टिप्पणियाँ थीं, तो उन्हें हटाने की इच्छा समझ में आती है। लेकिन हटाने से मूल पोस्ट की तुलना में बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। एक बार जब कोई राजनीतिक पार्टी किसी व्यक्ति को महत्वपूर्ण सार्वजनिक पद पर नियुक्त करती है, तो जनता की उस व्यक्ति के रिकॉर्ड को समझने में जायज दिलचस्पी होती है। इस विडंबना को नजरअंदाज करना मुश्किल है। राजनीतिक पार्टियाँ नागरिकों को यह बताने में बहुत सारे संसाधन खर्च करती हैं कि इंटरनेट वह रणभूमि है जहाँ विपक्ष को चुनौती दी जानी चाहिए, नैरेटिव को चुनौती दी जानी चाहिए और हर राजनीतिक दावे को बढ़ाया-चढ़ाया जाना चाहिए। फिर भी, जब उनके अपने पदाधिकारियों का डिजिटल अतीत अचानक असुविधाजनक हो जाता है, तो उस अतीत को कम दिखाई देने लायक बनाने का लालच पैदा होता है।

यह जरूरी नहीं कि अपराध का सबूत हो। हालाँकि, यह संचार संबंधी दुविधा का सबूत जरूर है। बीजेपी का अपनी सोशल मीडिया टीम को नया रूप देने का फैसला एक बहुत ही दिलचस्प समय पर आया है। पार्टी ने व्यापक संगठनात्मक फेरबदल के तहत अपने सोशल-मीडिया प्रमुख को बदल दिया है, और दीपक म्हास्के ने यह भूमिका संभाली है। रॉयटर्स ने इस बड़े रीस्ट्रक्चरिंग (पुनर्गठन) को हाल ही में युवाओं के नेतृत्व में हुए विरोध-प्रदर्शनों के बाद सोशल मीडिया के बढ़ते राजनीतिक महत्व से जोड़ा है।

सोशल मीडिया की लोकतांत्रिक अहमियत कुछ हद तक उसकी याददाश्त में निहित है। राजनीतिक दलों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वे उस याददाश्त को ऐसी चीज न बना दें जिसे आसानी से भुलाया या हटाया जा सके।

# तहसील कॉम्प्लेक्स में सरेआम लूटः 50 रुपये वाला स्टांप पेपर 80 रुपये में बेचने का मामला फिर उजागर

## एसडीएम ने दिए सख्त जांच के आदेश, एक हफ्ते में कार्रवाई का भरोसा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/18/अगस्त। स्थानीय तहसील कॉम्प्लेक्स में स्टांप पेपरों की निर्धारित कीमत से अधिक वसूली करने का गंभीर मामला एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है। पहले भी मीडिया में खबरें प्रकाशित होने और प्रशासनिक दावों के बावजूद जमीनी हताशा जस की तस बनी हुई है। पत्रकारों द्वारा किए गए ताजा दौरे के दौरान यह बात खुलकर सामने आई कि तय रेट से ज्यादा पैसे ऐंठे जा रहे हैं।

**क्या है पूरा मामला?** तहसील कॉम्प्लेक्स में स्टांप वेंडरों द्वारा आम जनता की जेब पर कैंची चलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। पहले भी खबरें आई थीं कि, 50 रुपये वाला स्टांप पेपर 80 रुपये में बेचा जा रहा है।

### प्रशासन सख्तः एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश

*मामला दोबारा मीडिया और प्रशासन के ध्यान में आने के बाद एसडीएम बादल दीन ने इस पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले ही नायब तहसीलदार को लिखित रूप से जांच के आदेश दिए जा चुके हैं। एसडीएम ने कड़े शब्दों में आश्वासन दिया है कि एक हफ्ते के भीतर पूरे मामले की गंभीरता से जांच करवाई जाएगी। यदि जांच में स्टांप वेंडरों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलने की पुष्टि होती है, तो संबंधितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।*

100 रुपये वाले स्टांप के लिए 130 से 150 रुपये तक वसूले जा रहे हैं।

500 रुपये वाले स्टांप की कीमत 550 रुपये वसूली जा रही है।

ताजा स्थिति जानने के लिए जब पत्रकारों ने दोबारा तहसील कॉम्प्लेक्स का दौरा किया और एक स्टांप वेंडर से 50 रुपये का स्टांप मांगा, तो उसने बेझिझक उसके 80 रुपये वसूले। इस खुलासे से एक बार फिर प्रशासन की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। विशेष तथ्यः सूत्रों के हवाले से यह भी चर्चा है कि पुरानी तारीखों वाले ऑफलाइन स्टांप पेपर भी कथित तौर पर ब्लैक में और महंगे दामों पर बेचे जा रहे हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी जांच के बाद ही हो पाएगी।

# झांसी रानी चौक रेलवे पुल पर लटक रही है मौत की तलवार

## रेलिंग न होने से रोजाना हो रहे हादसे, प्रशासन कुंभकर्णी नींद में

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/18/अगस्त। शहर के झांसी रानी चौक के पास रेलवे पुल पर प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। सड़क निर्माण के दौरान पुल की सुरक्षा रेलिंग उखाड़ दी गई थी। सड़क बने करीब 4 महीने बीत चुके हैं, लेकिन आज तक रेलिंग नहीं लगाई गई, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।



**अधिकारियों के खोखले दावे**

जब लोक निर्माण विभाग (ढहऊ) के एक्सियन से बात की गई, तो उन्होंने 1-2 दिन में रेलिंग लगवाने का भरोसा दिया था। लेकिन 15 दिन बाद संपर्क करने पर उन्होंने मामले को जेई करमजीत सिंह के जिम्मे टाल दिया। जेई भी लगातार 1-2 दिन का बहाना बनाकर टालमटोल कर रहे हैं। जाम और गलत दिशा से बढ़ता खतराः सुरक्षा दीवार न होने के कारण रोजाना हजारों वाहन गलत दिशा (Wrong Side) से गुजरते हैं, जिससे हर रोज हादसे और चालकों में आपसी झगड़े आम हो गए हैं। इसके अलावा, पुल पर अक्सर लंबा जाम लगा रहता है, जिससे जनता बेहाल है।

### बड़े हादसे का इंतजार?

स्थानीय लोगों का सवाल है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा? अब देखना यह है कि जनता की सुरक्षा को ताक पर रखने वाला प्रशासन कब हरकत में आता है।

# कागजों में काजवे, नदी में जोखिम; दो बाइक सवार फंसे तो ग्रामीणों ने बचाई जान

डेराबस्सी/यूटर्न/18 अगस्त। सुंडरा गांव से मोरठीकरी की ओर जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाली बरसाती नदी मंगलवार को एक बार फिर जानलेवा साबित होते-होते बची। नदी में अचानक पानी का बहाव तेज होने से दो बाइक सवार बीच पानी में फंस गए। हालात बिगड़ते देख आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत मदद की और दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते मदद नहीं मिलती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना के बाद बरसाती नदी पर प्रस्तावित काजवे के निर्माण में हो रही देरी को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि काजवे का काम स्वीकृत होने की बात काफी समय से कही जा रही है, लेकिन जमीन पर अब तक निर्माण शुरू नहीं हुआ। नतीजा यह



है कि हर बारिश में इस रास्ते से गुजरना जोखिम भरा हो जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार यह मार्ग आसपास के गांवों के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। सामान्य दिनों में लोग बाइक और अन्य वाहनों से इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन बरसात में पानी बढ़ते ही आवागमन मुश्किल हो जाता है। इसके बावजूद नदी के दोनों ओर पर्याप्त चेतावनी संकेत या सुरक्षा व्यवस्था दिखाई नहीं देती। मंगलवार की घटना ने फिर सवाल खड़ा कर दिया है कि यदि काजवे का निर्माण मंजूर हो चुका है तो काम शुरू होने में देरी क्यों हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की कि निर्माण तत्काल शुरू कराया जाए। साथ ही काजवा बनने तक तेज बहाव के समय रास्ता बंद करने, चेतावनी बोर्ड लगाने और अन्य सुरक्षा इंतजाम किए जाएं।

# 'फ्रॉम पिंक टू पावर' पैनल में शामिल होंगी तापसी पन्नू, सिनेमा में महिलाओं की रूढ़ियों पर होगी बात



अभिनेत्री तापसी पन्नू एक फिल्म फेस्टिवल में 'फ्रॉम पिंक टू पावरः ब्रेकिंग स्टीरिओटाइप थ्रू सिनेमा' नाम के पैनल का हिस्सा बनने वाली हैं। अभिनेत्री का मानना है कि सिनेमा तब और दिलचस्प बन जाता है जब महिला किरदारों को पेचीदा और बेधड़क दिखाया जाता है। स्पेशल सेशन में शामिल होने पर अभिनेत्री ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ₹मेरे लिए, स्टीरियोटाइप्स को तोड़ना हमेशा एक रिस्क लेने और एक ऐसी महिला का किरदार अदा करने से हुआ है, जो शायद उस वर्जन में फिट न हो जिसकी लोग उम्मीद करते हैं। इस सेशन में बात होगी कि कैसे सिनेमा गहराई से जमी हुई रूढ़ियों पर सवाल उठा सकता है। कैसे ये पर्दे पर महिलाओं को दिखाने का तरीका बदल सकता है और दर्शकों को घिसी-पिटी कहानियों से आगे सोचने के लिए प्रेरित कर सकता है।

अभिनेत्री ने बताया कि फेस्टिवल में वे खुद की जर्नी, करियर बनाने वाले फैसलों और पारंपरिक सोच से अलग हटकर काम करने के रिस्क के बारे में बातें करेंगी। साथ ही वो ये भी बताएंगी कि सिनेमा के जरिए सवाल उठाना, लोगों को सोचने पर मजबूर करना और प्रेरित करना कितनी बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, ₹पिंक और थप्पड़ जैसी फिल्में एक बड़ी बहस का हिस्सा बनी थीं क्योंकि उन फिल्मों में मेरे द्वारा निभाए गए किरदारों को एक तय सांचे पर फिट करने के लिए नहीं बनाया गया था। मैं हमेशा से मानती हूं कि सिनेमा तब और ज्यादा दिलचस्प होता है, जब हम महिलाओं को कम कमजोरियों वाली, पेचीदा, महत्वाकांक्षी और बेधड़क अपने जैसी दिखाने की इजाजत देते हैं। इस फिल्म फेस्टिवल में इन फैसलों और इनसे शुरू हुई बातचीत पर चर्चा करने के लिए मैं बहुत ज्यादा उत्सुक हूं। यह फिल्म फेस्टिवल 20 अगस्त से 23 अगस्त 2026 तक नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी।

# शिवपुरी कॉलोनी में बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, इनवर्टर समेत नकदी-कीमती सामान चोरी

### परिवार 16 अगस्त को माछीवाड़ा गया था समारोह में, 18 अगस्त की सुबह पड़ोसियों ने दी ताले टूटे होने की सूचना

डेराबस्सी/यूटर्न/18 अगस्त। डेराबस्सी की शिवपुरी कॉलोनी में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर इनवर्टर, बैटरी, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। वारदात का पता मंगलवार सुबह उस समय चला, जब पड़ोसियों ने मकान मालिक को फोन कर घर के ताले टूटे होने की सूचना दी।



मकान मालिक हरिराम ने बताया कि वह परिवार सहित 16 अगस्त को माछीवाड़ा में एक समारोह में शामिल होने गए थे। 18 अगस्त की सुबह करीब 9:10 बजे पड़ोसियों का फोन आया कि उनके घर के ताले टूटे हुए हैं और अंदर चोरी हुई लग रही है। सूचना मिलते ही उन्होंने सबसे पहले अपनी शादीशुदा बेटी को फोन किया, जो परिवार के पहुंचने से पहले मौके पर पहुंच गई। बेटी ने भी घर में सामान बिखरा होने और ताले टूटे होने की जानकारी दी।

हरिराम के मुताबिक, जब वे घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे हुए थे। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी के ताले भी तोड़े गए थे। शुरूआती तौर पर इनवर्टर, बैटरी, कुछ नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी होने की बात सामने आई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

# सड़क से मीटर बॉक्स तक पानी, ढकोली में जलभराव बना सुरक्षा का खतरा

### घरों तक पहुंचा बारिश का पानी, दोपहिया वाहन फंसे और बाहर खड़ी गाड़ियां भी जलभराव की चपेट में

मेजर अली

जीरकपुर/यूटर्न/18 अगस्त। ढकोली में मंगलवार की बारिश ने इस बार केवल जल निकासी व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली, बल्कि लोगों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए। कई इलाकों में सड़कों और गलियों में इतना पानी जमा हो गया कि घरों के बाहर लगे बिजली के मीटर बॉक्स तक पानी में डूबे नजर आए। वहीं दोपहिया वाहन पानी के बीच फंसे रहे और घरों के बाहर खड़ी गाड़ियां भी जलभराव की चपेट में आ गईं।

ढकोली के साथ जीरकपुर के अलग-अलग हिस्सों में बारिश के बाद पानी की निकासी नहीं होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। कई स्थानों पर पानी घरों के दरवाजे तक पहुंच गया, जबकि कुछ घरों में पानी घुसने की स्थिति बनी। लोगों को घरों से पानी निकालने के साथ अपने



वाहन और सामान बचाने की मशक्कत करनी पड़ी।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर बारिश में यही तस्वीर सामने आती है। सड़कों पर जमा पानी से आवागमन प्रभावित होता है, लेकिन इस बार बिजली के मीटर बॉक्स तक पानी पहुंचने से चिंता और बढ़ गई। लोगों का सवाल है कि यदि पानी के बीच बिजली से जुड़ा कोई हादसा हो जाए तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी।

जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हुई। कई वाहन पानी में फंस गए, जबकि गहरे पानी के कारण सड़क का अंदाजा लगाना भी मुश्किल रहा। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से जल निकासी की व्यवस्था का स्थायी समाधान करने और पानी में आने वाले बिजली के मीटर बॉक्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# गुरुजी कन्फेक्शनरी एंड बेकरी बना स्वाद और गुणवत्ता का नया ठिकाना

खरड़/यूटर्न/18 अगस्त। झुंगियां रोड पर स्थित गुरुजी कन्फेक्शनरी एंड बेकरी ग्राहकों के लिए स्वाद, गुणवत्ता और भरोसे का नया ठिकाना बनकर उभरा है। यहां एक ही छत के नीचे बेकरी, कन्फेक्शनरी और हेल्दी न्यूट्रिशन से जुड़े अनेक उत्पाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दुकान पर ताजे केक, पेस्ट्री, चॉकलेट्स, कुकीज, बिस्कुट, ब्रेड, रस्क और नमकीन के साथ कई प्रसिद्ध ब्रांडों के बेकरी एवं कन्फेक्शनरी प्रोडक्ट्स उचित कीमतों पर उपलब्ध हैं। जन्मदिन, सालगिरह या किसी अन्य खास अवसर के लिए भी ग्राहकों को अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न




प्रकार के केक और स्नैक्स मिलते हैं।

स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक लोगों के लिए यहां प्रोटीन बार्स, हाई-प्रोटीन




चॉकलेट्स, हेल्दी बाइट्स, म्यूसली, ग्रेनोला और अन्य जिम न्यूट्रिशन उत्पादों की भी बेहतर रेंज रखी गई है। संचालकों के अनुसार उनका उद्देश्य ग्राहकों को ताजे उत्पाद, उचित मूल्य और बेहतर सेवा उपलब्ध कराना है। गुरुजी कन्फेक्शनरी एंड बेकरी हर उम्र के ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लगातार अपनी रेंज बढ़ा रहा है।

पता: शॉप नंबर 1, ऑस्टन जिम के पास, झुंगियां रोड, खरड़, पंजाब। हर खुशी का स्वाद, हर रिश्ते का विश्वास।

## डेराबस्सी में नकाबपोश हमलावरों का आतंक, तलवार-गंडासियों से कार तोड़ी, घर में घुसकर परिवार को धमकाया

डेराबस्सी/यूटर्न/18 अगस्त। डेराबस्सी के लक्ष्मी नगर की गली नंबर 9 में चार नकाबपोश युवकों द्वारा हथियारों के साथ एक घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ करने और घर में घुसकर परिवार को डराने का मामला सामने आया है। अचानक हुई इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। आरोप है कि हमलावर तलवार, गंडासी, डंडे और अन्य हथियार लेकर पहुंचे थे और उन्होंने पहले घर के बाहर खड़ी कार को निशाना बनाया। लगातार वार कर कार के शीशे तोड़ दिए गए और वाहन को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घर में रहने वाली मनजीत कौर ने बताया कि घटना के समय वह अपने परिवार के साथ घर के अंदर मौजूद थीं। अचानक बाहर से जोर-जोर की आवाजें आने लगीं। पहले उन्हें लगा कि शायद गली में कोई झगड़ा हो रहा है, लेकिन जब उन्होंने बाहर देखा तो चार युवक मुंह ढके हुए उनके घर के बाहर खड़ी कार पर हथियारों से हमला कर रहे थे।



मनजीत कौर के मुताबिक, हमलावरों के हाथों में तलवारें, गंडासियां और डंडे थे। उन्होंने कार के शीशों, बॉडी और अन्य हिस्सों पर लगातार वार किए। जब उन्होंने घर का गेट खोलकर बाहर देखने की कोशिश की तो आरोपित उनकी तरफ भी बढ़े और कथित तौर पर हमला करने की कोशिश की। इससे घबराकर परिवार के सदस्य घर के पिछले हिस्से की ओर भागे और एक कमरे में खुद को बंद कर लिया। आरोप है कि इसके बाद हमलावरों ने घर के दरवाजे पर भी वार किए और तोड़फोड़ की। परिवार के सदस्य काफी देर तक कमरे में छिपे रहे। हमलावर कुछ समय तक उत्पात मचाने के बाद मौके से फरार हो गए।

## मंडल अस्पताल फिरोजपुर में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

आर. के. उप्पल

फिरोजपुर/यू टर्न /18 अगस्त ! मंडल कार्यालय, फिरोजपुर के मंडल अस्पताल में आज सभाकक्ष में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मंडल अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में कुलविंदर जीत, सहायक नर्सिंग अधिकारी, मंडल अस्पताल/फिरोजपुर तथा सुनील, वरिष्ठ अनुवादक ने व्याख्याता के रूप में कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।




**राजभाषा संबंधी प्रावधानों की दी जानकारी...** कार्यशाला के दौरान कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम एवं नियमों तथा सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग से जुड़े दिशा-निदेशों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया गया।

**दैनिक कामकाज में हिंदी के प्रयोग पर जोर...** इस अवसर पर कर्मचारियों को हिंदी को अपने सरकारी कामकाज का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, दैनिक सरकारी कार्य हिंदी में करते समय कर्मचारियों को आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा कर उन्हें दूर करने के उपाय बताए गए। कार्यशाला का उद्देश्य कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करना रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने हिंदी में सरकारी कामकाज को सरल एवं प्रभावी बनाने संबंधी जानकारी भी प्राप्त की।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372